महानगर नई दिल्ली सोमवार 1 जुलाई, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## जायरा वसीम फिल्मों में काम नहीं करेंगी

श्रीनगर/मुंबई, 30 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली अभिनेत्री जायरा वसीम ने अभिनय क्षेत्र को छोड़ने की रविवार को यह कहते हुए घोषणा की कि वे इस काम से खुश नहीं है क्योंकि यह उनके धर्म के रास्ते में आ रहा है।


अपने फेसबुक पेज पर विस्तार से लिखे गए एक पोस्ट में 'दंगल' फिल्म से लोकप्रियता पाने वाली जायरा वसीम ने कहा कि उन्हें महसूस हुआ कि, 'भले ही मैं यहां सही तरीके से फिट हो जाऊं लेकिन मैं इस जगह के लिए नहीं बनी हूं।' उन्होंने एक लंबे से पोस्ट में कहा, 'पांच साल पहले मैंने एक फैसला लिया जिसने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी। मैंने जैसे ही अपने कदम बॉलीवुड में रखे, इसने मेरे लिए लोकप्रियता के दरवाजे बाकी पेज 8 पर



*यह क्षेत्र* निश्चित तौर पर मेरे लिए ढेर सारा प्यार, सहयोग और सराहना लेकर आया लेकिन साथ ही इसने मुझे अज्ञानता के रास्ते पर धकेल दिया क्योंकि मैं चुपचाप और अनजाने में ईमान के रास्ते से भटक गई थी। चूंकि मैं लगातार मेरे 'ईमान' के बीच आने वाले माहौल में काम कर रही थी, मेरे धर्म के साथ मेरा रिश्ता खतरे में पड़ गया था।

*जायरा* वसीम की पसंद पर सवाल उठाने वाले हम कौन होते हैं? वे जैसे चाहें वैसे अपनी जिंदगी जिएं। मैं बस उन्हें शुभकामना दे सकता हूं और कामना करता हूं कि वे जो करें उससे उन्हें खुशी मिले।
*उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री* (ट्वीट किया)





*मैंने* जायरा वसीम के अदाकारा बनने के फैसले का हमेशा सम्मान किया। आज जब उन्होंने फिल्म जगतछोड़ दिया, मेरे पास उनके फैसले का सम्मान करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्हें शुभकामनाएं। – *शाह फैसल, पूर्व आइएएस* (ट्वीट किया)

## उ. कोरिया पहुंचने वाले ट्रंप पहले अमेरिकी राष्ट्रपति

### परमाणु मुद्दे पर दोनों देशों में वार्ता बहाल होगी

पनमुनजोम (दक्षिण कोरिया) 30 जून (एएफपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से रविवार को भारी सुरक्षा के बीच विसैन्यीकृत क्षेत्र में मुलाकात की और उत्तर कोरिया के साथ परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता बहाल करने पर सहमत हुए। ट्रंप अमेरिका के ऐसे पहले राष्ट्रपति बने जो उत्तर कोरिया की धरती पर पहुंचे।

वहां पहुंचने के तुरंत बाद वे किम को लेकर सीमा रेखा पर पहुंचे जहां दोनों नेता प्योंगयांग परमाणु हथियार पर कार्यकारी स्तर की वार्ता शुरू करने पर सहमत हुए।

ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने युवा नेता को 'जब वे चाहें' वाइट हाउस के लिए आमंत्रित किया है। वियतनाम में फरवरी में दोनों देशों के बीच शिखर वार्ता टूटने के बाद पहली बार दोनों देशों के नेताओं ने आमने- सामने वार्ता की।

बैठक के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि दोनों देश आगामी हफ्ते में वार्ता बहाल करने पर सहमत हुए हैं। लेकिन वार्ता के भविष्य और उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों का जखीरा खत्म करने की मंशा को लेकर संदेह बरकरार है।

ट्रंप के उत्तर कोरियाई जमीन पर कदम रखते ही किम ने तालियां बजाई और फिर एक बार दोनों ने हाथ मिलाया और तस्वीरें खिंचवाई। इसके बाद दोनों फिर दक्षिण कोरिया की ओर बढ़े जहां 'फ्रीडम हाउस' में दोनों ने बैठक की। ट्रंप ने किम से कहा 'मैं सरहद बाकी पेज 8 पर



पनमुनजोम में रविवार को विसैन्यीकृत क्षेत्र में किम जोंग के साथ डोनाल्ड ट्रंप।

*ट्रंप* के उत्तर कोरियाई जमीन पर कदम रखते ही किम ने तालियां बजाई और फिर एक बार दोनों ने हाथ मिलाया और तस्वीरें खिंचवाई। इसके बाद दोनों फिर दक्षिण कोरिया की ओर बढ़े जहां 'फ्रीडम हाउस' में दोनों ने बैठक की। ट्रंप ने पहले दो मिनट के लिए मुलाकात करने की बात कही थी लेकिन यह बैठक 50 मिनट तक चली। 'फ्रीडम हाउस' में ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रंप और दामाद जेरेड कुशनर सहित वाइट हाउस के सलाहकार मौजूद थे।

### दूसरे कार्यकाल की पहली मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा

## पानी की एक-एक बूंद बचाने की मुहिम शुरू हो

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र को देश के संस्कार, संस्कृति और विरासत का हिस्सा बताया और आपातकाल का जिक्र करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में आकाशवाणी पर प्रसारित पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में जल संरक्षण के महत्त्व और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भी रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा, 'मेरा पहला अनुरोध है– जैसे देशवासियों ने स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। आइए, वैसे ही जल संरक्षण के लिए एक जन आंदोलन की शुरुआत करें।' उन्होंने कहा कि पानी की एक एक बूंद के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत करें और इसमें पानी से जुड़ी समस्याओं और इसे बचाने के उपायों के बारे में बताएं।

उन्होंने कहा कि देशवासियों से मेरा दूसरा अनुरोध है। हमारे देश में पानी के संरक्षण के लिए कई पारंपरिक तौर-तरीके सदियों से उपयोग में लाए जा रहे हैं। मैं आप सभी से, जल संरक्षण के उन पारंपरिक तरीकों को साझा करने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पानी की समस्या से जुड़ी चुनौती का जिक्र करते हुए लोगों से स्वच्छता आंदोलन की तरह 'जल संरक्षण' आंदोलन चलाने और जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि जल की महत्ता को सर्वोपरि रखते हुए देश में नया जल शक्ति मंत्रालय बनाया गया है और इससे पानी से संबंधित सभी विषयों पर तेजी से फैसले लिए जा सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश में आपातकाल लगाया गया, तब उसका विरोध सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं था। दिन-रात जब समय पर खाना खाते हैं तब भूख क्या होती है, इसका पता नहीं होता है, वैसे ही सामान्य जीवन में लोकतंत्र के अधिकार का मजा क्या है वो तब पता चलता है जब कोई लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन ले। जब देश में आपातकाल बाकी पेज 8 पर

**संबोधन**



*देशवासियों* ने जैसे स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया, वैसे ही जल संरक्षण के लिए एक जन आंदोलन की शुरुआत करें। साथ ही, जल संरक्षण के लिए पारंपरिक तौर-तरीके अपनाएं।

*प्रधानमंत्री* ने जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का डाटा बैंक बनाने की भी बात कही। जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों का, स्वयंसेवी संस्थाओं का, और इस क्षेत्र में काम करने वाले हर किसी का, उनकी जो जानकारी हो, उसे आप #जलशक्ति4जलशक्ति के साथ शेयर करें ताकि उनका एक डाटाबेस बनाया जा सके।

*अरुणाचल* प्रदेश के एक सुदूर इलाके में, महज एक महिला मतदाता के लिए मतदान केंद्र बनाया गया। आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि चुनाव आयोग के अधिकारियों को वहां पहुंचने के लिए दो-दो दिन तक यात्रा करनी पड़ी- यही लोकतंत्र का सच्चा सम्मान है।

## दिल्ली-गाजियाबाद के स्कूलों में बढ़ीं गरमी की छुट्टियां

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

प्रचंड गरमी के मद्देनजर दिल्ली व गाजियाबाद में स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रचंड गरमी की स्थिति को देखते हुए शहर के विद्यालयों में आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए गर्मी की छुट्टी की अवधि एक सप्ताह बढ़ाने का रविवार को फैसला किया। दिल्ली के तीनों नगर निगमों ने भी अपने प्राथमिक स्कूलों की छुट्टियां एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी हैं। उधर, गाजियाबाद जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के लिए गरमी की छुट्टियों में दो दिन का इजाफा करने का एलान किया। आठवीं कक्षा तक के लिए शहर के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दो जुलाई तक छुट्टी रहेगी। दिल्ली सरकार के अनुसार आठवीं कक्षा तक के विद्यालय आठ जुलाई को खुलेंगे जबकि उससे ऊपर की कक्षाएं सोमवार को निर्धारित समयानुसार से ही खुल जाएंगे। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बाकी पेज 8 पर



8वीं तक के लिए दिल्ली सरकार व नगर निगमों ने एक हफ्ते तक बढ़ाई छुट्टी

## रसोई सिलेंडर के दामों में सौ रुपए की कटौती

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

सबसिडी और बिना सबसिडी वाले गैस सिलेंडरों के दामों में 100.50 रुपए की कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन आयल ने रविवार को एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दामों में नरमी आने और डॉलर-रुपया विनिमय दर में आए बदलाव के मद्देनजर रसोई गैस के सिलेंडर (14.2 किलो) के दामों में कमी की गई है। नई दर एक जुलाई से प्रभावी होगी।

ताजा कटौती के बाद दिल्ली में सबसिडी वाला रसोई गैस का सिलेंडर आज से 494.35 रुपए और बिना सबसिडी वाला सिलेंडर 637 रुपए में मिलेगा।

बिना सबसिडी वाला सिलेंडर अब तक 737.50 रुपए में मिल रहा था।

सबसिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को रिफिल लेते समय बाजार मूल्य पर भुगतान करना होता है। उसके बाद सबसिडी राशि उपभोक्ता के बैंक खाते में डाल दी जाती है।

उपभोक्ताओं को एक साल में 12 सिलेंडर सबसिडी पर मिलते हैं। एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में आई ताजा गिरावट के बाद उपभोक्ता को 142.65 रुपए प्रति सिलेंडर की सबसिडी राशि मिलने पर जुलाई 2019 में सिलेंडर की प्रभावी दर 494.35 रुपए बैठेगी।



*सबसिडी* और बिना सबसिडी वाले दोनों तरह के सिलेंडरों पर लागू

## मारपीट के मामले में 'आप' का विधायक दोषी करार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सोम दत्त को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने साल 2015 में चुनाव प्रचार के दौरान एक शख्स से मारपीट करने के मामले में दोषी करार दिया है। उन्हें चार जुलाई को सजा सुनाई जाएगी। उन्हें इस मामले में अधिकतम सात साल तक की सजा हो सकती है।

अदालत के एडीशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) समर विशाल ने सदर बाजार से विधायक सोम दत्त को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 325 के तहत दोषी ठहराया है। उन्होंने दत्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 325 (स्वेच्छा से बिना किसी उकसावे के गंभीर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोक बाकी पेज 8 पर



*आम आदमी* पार्टी के विधायक सोम दत्त पर एक व्यक्ति ने लगाया था मारपीट का आरोप

### टीआरएस विधायक का भाई गिरफ्तार

## तेलंगाना में महिला वन अधिकारी पर हमला

हैदराबाद, 30 जून (भाषा)।

तेलंगाना में भूमि विवाद को लेकर कोमराम भीम असिफाबाद जिले के एक गांव में वन विभाग की एक महिला अधिकारी पर रविवार को कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गई। इस घटना के सिलसिले में टीआरएस के एक विधायक के भाई को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मल्ला रेड्डी ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में टीआरएस विधायक कोनूरु कन्नप्पा के भाई कोनेरु कृष्ण को गिरफ्तार किया गया है और उस पर भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमले में वन अधिकारी सी अनिता को चोट लगी है और वह अस्पताल में भर्ती हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार की 'हरित हरम' योजना के तहत अनिता सारसाला गांव में पौधे लगाने गई थीं। इस दौरान कृष्ण के नेतृत्व में गांव के कुछ लोगों ने जमीन पर अपना मालिकाना हक होने का दावा करते हुए उन पर लाठियों से हमला कर दिया। हमले के सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि अनिता हमले से बचने के लिए ट्रैक्टर पर चढ़ रही हैं और कृष्ण तथा गांव के अन्य लोग ट्रैक्टर पर भी हमला कर रहे हैं। एक अज्ञात व्यक्ति महिला अधिकारी की पिटाई करता हुआ भी दिख रहा है। अस्पताल में बाकी पेज 8 पर

*'हरित हरम'* योजना के तहत गांव की जमीन पर पौधारोपण के लिए गईं थीं



**दरअसल**




पृथ्वी के आकार की इमारत पूरी तरह हरित होगी | **उपलब्धि** | 100 से ज्यादा देश सूर्यपुत्र जो कर्क और मकर रेखा पर स्थित हैं

## गुरुग्राम में बनेगा 'सूर्यपुत्र देशों' का मुख्यालय

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

गुरुग्राम में बनने वाला 100 से ज्यादा 'सूर्यपुत्र' देशों का मुख्यालय पूरी तरह से हरित भवन होगा। इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आइएसए) की इस चार मंजिला इमारत में ऊर्जा एवं जल संरक्षण सहित पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का पालन किया जाएगा। दो साल में यह बनकर तैयार हो जाएगी।

आइएसए के मुख्यालय की भवन निर्माण कार्ययोजना के मुताबिक विशेष आकार वाली इसकी इमारत पृथ्वी की तरह होगी जिसे चारों ओर से सदस्य देशों के हाथों की एक आकृति का सहारा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आइएसए के सदस्य देशों को 'सूर्यपुत्र' का नाम दिया।

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय लोक निर्माण विभाग बाकी पेज 8 पर

**05** एकड़ जमीन का आबंटन कर दिया है सरकार ने गुरुग्राम के ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के परिसर में आइएसए के मुख्यालय के रूप में अपने तरह की अनूठी इमारत के लिए।

**90** करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से दो साल के भीतर इमारत का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### 75 देशों ने हस्ताक्षर किए

*सूर्यपुत्र* की कार्ययोजना पर अब तक 75 सदस्य देश हस्ताक्षर कर चुके हैं और इनमें से 54 देशों की संसद से इसे मंजूरी भी मिल गई है। आइएसए के कामकाज का संचालन राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान स्थित संगठन के अस्थायी सचिवालय से किया जा रहा है।

ISA INTERNATIONAL SOLAR ALLIANCE

*आधुनिक* भवन निर्माण कला का विशिष्ट नमूना पेश करने वाली इस इमारत के आसपास कुछ कृत्रिम जलाशयों के अलावा इमारत की छत पर एक बगीचा (रूफ गार्डन) भी बनाया जाएगा।



### क्या है सूर्यपुत्र की कहानी

*प्रधानमंत्री* नरेंद्र मोदी की पहल पर सौर ऊर्जा की प्रचुर संभावना वाले 121 देशों ने आइएसए का नवंबर 2015 में गठन किया था। अंतरसरकारी संगठन के रूप में गठित आइएसए का मकसद कर्क एवं मकर रेखा के आसपास स्थित सदस्य देशों में सौर ऊर्जा का अधिकतम दोहन कर जीवाश्म ईंधन पर ऊर्जा की निर्भरता में कमी लाना है। मोदी ने आइएसए के सदस्य देशों को 'सूर्यपुत्र' का नाम दिया था। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण संबंधी पेरिस समझौते के तहत 2030 तक सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाने के लिए 1000 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश लक्ष्य की प्राप्ति में सूर्यपुत्र देशों के संयुक्त प्रयासों को आइएसए के माध्यम से फलीभूत बनाना है।

# जनसत्ता
## क्लासीफाइड

### व्यक्तिगत

I, Suheb Ahmed Khan/ Suheb Ahmed S/O Sardar Ahmad R/O 1504/05, Block-I, Jahangirpuri, Delhi-110033. Changed My Name To Suheb Ahmad. 0040501340-3

I, Sourabh Kumar, S/o Surinder Kumar, R/o K-22, Civil Zone, Subroto Park, New Delhi- 10 have changed my name to Sourabh Jaryal for all future purposes. 0070662771-1

I, Basant Jain S/O Tola Ram Bothra R/O-294-295, Block B-2, Sec-6, Rohini, Delhi-85, Changed My Name To Basant Kumar Bothra. 0040501340-5

I, Deelip R/o E-2/719, Gali No. 10, Pusta-4, Sonia Vihar Sabhapur North East, Delhi-110094 have changed my name to Deelip Tiwari. 0070662776-1

I, Deepak Kapur S/O Bhoj Raj Kapur R/O Wz-406,T, Janak Park, Hari Nagar, Delhi-110064. Changed My Name to Deepak Kapoor. 0040501340-1

I, Shivansh Kumar, S/o Suresh Kumar Rajput, R/o #92, Type-IV, North- West Moti Bagh, New Delhi- 21 Have Changed My Name To Shivansh Thakur For All Future Purposes. 0070662769-1

I, Sardar Ahmed Khan S/O Sultan Ahmad R/O 1504/05, Block-I, Jahangirpuri, Delhi-110033. Changed My Name To Sardar Ahmad. 0040501340-4

I, Saranjeet Singh Bansal S/O Balvinder Singh Bansal R/O-B-2/10A, Sewak-Park Uttam-Nagar Delhi-59. Have Change My Name To Saranjeet Singh. 0040501340-8

I, Sahil Batra F/o Amaaya Batra H.no-750 1st-floor sec-52 Gurgaon Haryana-122003 have changed my minor daughter name to Saaz Batra. 0040501340-7

I, Rajni Aarya W/o Mr. Manoj Kumar R/o H.No. J Block 1839, 3rd Floor, Chitranjan Park, New Delhi-110019, do hereby informs that both the names Rajni Aarya & Rajni are one and same person i.e. myself. 0040501273-1

I, Punam Rathi w/o Anil Kumar Rathi,res of House no 353, gali no 19, vivekanand Nagar, Bahadurgarh-124507, changed my name to Poonam Rathi vide affidavit dtd.22 Jun 19, place Bahadurgarh. 0050150854-1

I, Pravinkumar Ranganathan S/O Shri Ranganathan Arjun Kutil R/O F-4, B-230, Aditya Apartment, Shalimar Garden Main, Ghaziabad-201005, U.P, have changed my name from Pravinkumar Ranganathan Kutil to Pravinkumar Ranganathan for all Purposes. 0040501116-1

I, Pooja Sharma W/O Vishal Dogra R/O-Ea-78, Sfs-Flats, Maya Enclave, Hari Nagar, Delhi-110064.Changed my Name to Khushi Dogra After Marriage. 0040501340-9

I, Monika Kapur W/O Deepak Kapoor R/O Wz-406,T, Janak Park, Hari Nagar, Delhi-110064. Changed My Name to Monika Kapoor. 0040501340-2

I, Madhu Sudan Kumar Singh S/o Rajbahadur Kuwar Singh R/o B16/1605, Supertech Eco Village 2, Sec-16-B, Greater Noida (W), U.P. have changed my name to Madhusudan Kumar Singh. 0070662780-1

I, Japleen kohli w/o Ajit Singh R/O-E 13/22 DLF-City phase-1 Gurgaon Haryana-122002. have changed my name to japleen Singh. 0040501340-6

### खोया+पाया

Original Lease Deed, GPA of Property No. Flat No. 2, New Market, West Patel Nagar, New Delhi-110008, has been lost. Finder may inform to Ranjana Narang #9810005564. 0040501264-1

I, Sri Krishan S/o-Late Kahan Singh R/o House.No-44,Sukh Vihar, Delhi-110051,would like to inform you that,I have actually lost conveyance deed with Registration.No.363 dated-17th-June-1997 Registered with SR-VIII,Shastri Nagar(New Geeta colony),Delhi-110051. If any-body find the conveyance deed said above,Please Contact me. 0040501291-1

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I Kamlesh Kumari wife of Shri Narinder Kumar resident of 441, Pkt-II, Single Story, Paschim Puri, New Delhi-110063, Purchaser of Flat bearing No. 441, Pkt-II, Single Story, Paschim Puri, New Delhi-110063, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide application on dated 09.08.2018 in DDA. Original documents i.e. Demand letter, Possession letter, Possession Slip, & NOC for Electric & water Connection of the above flat have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in the Police Station.
Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contract with above named person at above address/ phone No. 9810179255 within 15 days from the date of publication of this notice. The per-son claming any right, interest, objection with respect to this property, can personaly inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director (H) I, D Block, 3rd Floor, INA, New Delhi.


# दलित युवक से प्रेम प्रसंग पर नाराज परिजनों ने की युवती की पिटाई

धार (मप्र), 30 जून (भाषा)।

धार जिले में एक दलित युवक के साथ प्रेम प्रसंग से नाराज होकर एक आदिवासी युवती की उसके परिजनों द्वारा पिटाई किए जाने के आरोप में पुलिस ने सात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया है।

धार जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर आदिवासी बहुल बाग थाना क्षेत्र के एक गांव में आदिवासी समाज की 21 वर्षीय एक युवती के दलित युवक के साथ प्रेम प्रसंग से नाराज युवती के परिजनों द्वारा उसे लाठियों से पीटने की घटना का वीडियो तीन-चार दिन पहले वायरल हुआ था।

बाग थाना प्रभारी कमलेश सिंघार ने बताया कि गतबोरी गांव की रहने वाली आदिवासी युवती गांव के दलित युवक से प्रेम करती है और कुछ दिन पहले युवक के साथ भाग गई थी। इसके बाद वापस गांव आने पर युवती के परिजन ने उसे आदिवासी समाज के लड़के से शादी करने के लिए कहा लेकिन उसने इनकार करते हुए अपने प्रेमी दलित युवक से ही शादी

**युवती के दलित युवक के साथ प्रेम प्रसंग से नाराज युवती के परिजनों द्वारा उसे लाठियों से पीटने की घटना का वीडियो तीन-चार दिन पहले वायरल हुआ था**

करने की बात दोहराई। इससे नाराज होकर युवती के परिजनों ने उसे पकड़कर उसके साथ लाठियों से जमकर मारपीट की।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव के पटेल केसर सिंह की रिपोर्ट पर युवती के सात परिजन के फतिया, महेश, सरदार, डोंगरसिंह, किला, दिलीप और गणपत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इनमें से चार लोगों सरदार, महेश, डोंग़र सिंह और किला को गिरफ्तार कर लिया है।

सभी आरोपियों की आयु 30 से 40 साल की बीच है। सिंघार ने कहा कि मामले में फरार तीन लोगों की तलाश की जा रही है तथा पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# धर्म कपड़ों से परे : नुसरत जहां

## नवनिर्वाचित सांसद ने कहा, किसी को भी मेरे वस्त्रों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए

सहारनपुर/कोलकाता, 30 जून (भाषा)।



नवनिर्वाचित सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां ने कहा है कि किसी को इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए कि वह क्या पहनती हैं क्योंकि 'धर्म कपड़ों से परे होता है।' अभिनेत्री ने कट्टरपंथी मौलवियों की भी मुखालफत की, जिन्होंने उनके सिंदूर लगाने और मंगलसूत्र पहनने की आलोचना की है।

देवबंद के मौलवियों के एक धड़े ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद के खिलाफ कथित तौर पर 'फतवा' भी जारी किया। पश्चिम बंगाल के बसीरहाट की सांसद 25 जून को पहली बार संसद में सिंदूर लगाए हुई पहुंचीं और शपथ लेने के बाद उन्होंने 'वंदे मातरम' कहा। जहां (29) ने व्यवसायी निखिल जैन से जून में तुर्की में शादी की और इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने संसद में शपथ ली।

मौलवियों ने दावा किया कि जहां ने जैन धर्म में शादी कर इस्लाम का अपमान किया और उनके वस्त्र को 'गैर इस्लामिक' बताया। जामिया शेख उल हिंद के मुफ्ती असद कासमी ने दावा किया, 'मुसलिमों की शादी मुसलिमों में ही हो सकती है और वे केवल अल्लाह के सामने झुक सकते हैं। इस्लाम में वंदे मातरम, मंगलसूत्र और सिंदूर के लिए कोई जगह नहीं है और ये चीजें धर्म के खिलाफ हैं।'

आलोचनाओं का जवाब देते हुए जहां ने शनिवार की रात को ट्वीट किया, 'किसी भी धर्म के कट्टरपंथियों के बयानों पर ध्यान देना या प्रतिक्रिया देना केवल नफरत और हिंसा को बढ़ावा देना है और इतिहास इसका गवाह है।' उन्होंने कहा कि वह 'समग्र भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं जो जाति, पंथ और मजहब के दायरे से परे है।' उन्होंने कहा, 'मैं अब भी मुसलमान हूं और किसी को यह नहीं बताना चाहिए कि मैं क्या पहनूं, मजहब कपड़ों से परे होता है।' केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा की महिला नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जहां का समर्थन किया है।

# बंद पड़े हवाई अड्डों के रखरखाव पर एएआइ ने चार करोड़ खर्च किए

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) ने 2018-19 में 26 ऐसे हवाई अड्डों के रखरखाव पर चार करोड़ रुपए खर्च किए हैं जो परिचालन में नहीं हैं। एक दस्तावेज के अनुसार इससे पिछले साल इन 26 हवाई अड्डों के रखरखाव पर 2.66 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। एएआइ के पास देशभर में सौ परिचालन वाले हवाई अड्डों का स्वामित्व और प्रबंधन है। इसके पास 26 हवाई अड्डे ऐसे भी हैं जो परिचालन में नहीं हैं। इन 26 हवाई अड्डों में आंध्र प्रदेश का दोनाकोंडा, अरुणाचल प्रदेश का दापारिजो, असम के रूपसी और शेला, बिहार के जोगबनी, मुजफ्फरपुर, रक्सौल, गुजरात का दीसा, झारखंड के चाकुलिया और देवगढ़ और मध्य प्रदेश के पन्ना, सतना और खंडवा शामिल हैं। दस्तावेज के अनुसार शेष हवाई अड्डे मिजोरम, तेलंगाना, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हैं। बीते वित्त वर्ष में एएआइ को तमिलनाडु के वेल्लूर हवाई अड्डे के रखरखाव पर 85 लाख रुपए खर्च करने पड़े।

# श्रीलंकाई नौसेना के हमले में चार मछुआरे घायल

पुडुकोट्टई, 30 जून (भाषा)।

तमिलनाडु के चार मछुआरों पर श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसैनिकों ने हमला किया जिसमें राज्य के चार मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यहां के 1200 मछुआरे 150 नौकाओं पर सवार होकर शनिवार को मछली पकड़ने समुद्र में गए थे। अन्य मछुआरों ने इन चारों मछुआरों को बचाया और देर रात उन्हें किनारे पर लाए और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।



अमदाबाद में रविवार को जगन्नाथ यात्रा से पूर्व मंदिर के सामने भगवान की पोशाक और सज्जा का प्रदर्शन करता पुजारी।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों से कहा

# सामाजिक आधार पर एससी, एसटी छात्रों के साथ भेदभाव से बचें

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

**● यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट पर एक पेज बनाएं, जहां इससे जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकें और ऐसी किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उनके पदाधिकारी और संकाय सदस्य अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने से बचें। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट पर एक पेज बनाएं, जहां इससे जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकें और ऐसी किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो।

यूजीसी के सचिव रजनीश जैन ने कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा है, 'विश्वविद्यालय और कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पदाधिकारी या संकाय सदस्य किसी भी समुदाय या श्रेणी के छात्रों के खिलाफ भेदभाव न करे। उन्हें अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों के साथ उनके सामाजिक स्तर के कारण भेदभाव करने से बचना चाहिए।' जैन ने कहा, 'गलती करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो। विश्वविद्यालय ऐसी शिकायतों से निपटने के लिए समिति का गठन भी कर सकता है। पदाधिकारियों की बेहद संवेदनशीलता के साथ ऐसी शिकायतों का निपटारा करना चाहिए और इस संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट 30 दिन के भीतर यूजीसी को भेजी जानी चाहिए।'

# 2,121 करोड़ रुपए की बांध परियोजना को पर्यावरण मंजूरी मिली

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

केंद्र सरकार की पर्यावरण समिति ने गोदावरी नदी पर 2,121 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बांध को पर्यावरण मंजूरी दे दी है। यह परियोजना तेलंगाना के जयशंकर भूपालपल्ली जिले में बननी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

प्रस्तावित पीवी नरसिम्हा राव कनथनपल्ली सुजल श्रवंती परियोजना के तहत गोदावरी नदी पर 23 मीटर ऊंचा और 1,132 मीटर लंबा बांध बनाया जाना है। इससे जयशंकर भूपालपल्ली, नालगोंडा और खम्माम जिलों में रबी के मौसम में सिंचाई सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी।

केंद्र सरकार ने परियोजनाओं के आकलन के लिए विशेषज्ञ आकलन समिति गठित की है। इसकी सिफारिशों के आधार पर ही पर्यावरण मंत्रालय अंतिम पर्यावरण मंजूरी प्रदान करता है। सूत्रों के अनुसार तेलंगाना सरकार ने दिसंबर 2018 में इस परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी हासिल करने का आवेदन किया था। बाद में समिति ने इस पर अतिरिक्त जानकारी मांगी और पिछले महीने उसे यह पर्यावरण मंजूरी दे दी गई।

तेलंगाना सरकार ने इस बांध परियोजना को फरवरी 2017 में मंजूरी दी थी। इसकी अनुमानित लागत 2,121 करोड़ रुपए आंकी गई। इस परियोजना के लिए 674.18 हेक्टेअर भूमि की आवश्यकता होगी। इसमें से 94 हेक्टेयर भूमि निजी भूमि और 580.18 हेक्टेयर नदी वाले का क्षेत्र है। गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण आदेश (जीडब्लयूडीटी) के मुताबिक गोदावरी नदी में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए कुल आबंटन 1,480 टीएमसी रहा है।

# अब गांधी के रास्ते पर चलेंगे आकाश विजयवर्गीय

इंदौर, 30 जून (भाषा)।

**आकाश (34) भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे हैं। शहर के गंजी कंपाउंड क्षेत्र में एक जर्जर भवन ढहाने की मुहिम के विरोध के दौरान बुधवार को बड़े विवाद के बाद भाजपा विधायक ने नगर निगम के एक भवन निरीक्षक को क्रिकेट के बैट से कथित तौर पर पीट दिया था।**

मध्य प्रदेश के शहरी निकाय के एक अधिकारी को क्रिकेट बैट से सरेआम पीटने के मामले के आरोपी भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय ने रविवार को कहा कि सोच-समझकर उठाए गए अपने इस असामान्य कदम पर हालांकि उन्हें कोई पछतावा नहीं है लेकिन आइंदा वह जनता के मुद्दे उठाते वक्त महात्मा गांधी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे।

आकाश (34) भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे हैं। शहर के गंजी कंपाउंड क्षेत्र में एक जर्जर भवन ढहाने की मुहिम के विरोध के दौरान बुधवार को बड़े विवाद के बाद भाजपा विधायक ने नगर निगम के एक भवन निरीक्षक को क्रिकेट के बैट से कथित तौर पर पीट दिया था।

भोपाल की एक विशेष अदालत ने शनिवार शाम बल्ला कांड और एक अन्य मामले मामले में उनकी जमानत अर्जी मंजूर की थी। इसके बाद वह इंदौर की जिला जेल से रविवार सुबह छूटे। नवंबर 2018 के विधानसभा निर्वाचन से चुनावी सियासत में पदार्पण करने वाले युवा नेता ने संवाददाताओं से कहा, 'देखिये, पहली बात तो मैं यह बता दूं कि उस दिन हमने जो एक्शन लिया था, वह सोच-समझ कर और पूरी जिम्मेदारी के साथ लिया था। पुलिस की उपस्थिति में एक महिला को पैर पकड़कर खींचा जा रहा था। बारिश के मौसम में एक बेसहारा गरीब परिवार को उसके घर से बाहर निकाला जा रहा था। इस घर को तोड़ने के लिए अर्थमूविंग मशीनें बुला ली गई थीं। उस वक्त मुझे जो सही लगा, मैंने वह सोच-समझकर किया। इसलिए मुझे कोई मलाल नहीं है।'

आकाश विजयवर्गीय ने कहा, 'हम आगे से गांधीजी का रास्ता अपनाने का प्रयास करेंगे। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उस दिन (बुधवार को अफसर को क्रिकेट के बल्ले से पीटने की घटना) की तरह मेरे द्वारा बल्लेबाजी करने का अवसर दोबारा कभी न आए। मेरा सभी युवाओं से भी निवेदन है कि उन्हें गांधी के दिखाए अहिंसात्मक मार्ग पर चलते हुए अपनी बात रखने का प्रयास करना चाहिए।'

अधिकारी को बल्ले से पीटने के गैरकानूनी कृत्य के बारे में पूछे जाने पर भाजपा विधायक ने कहा, 'मेरे मन में कई महीनों से विचार चल रहा था। बड़े सोच-विचार के बाद मुझे यह कदम उठाना पड़ा। मगर यह एक असामान्य बात थी। हमें हमेशा प्रेम और अहिंसात्मक ढंग से काम करना चाहिए।' उन्होंने हालांकि कहा, 'हमें उस एक्शन को लेकर कोई 'रिग्रेट' (पछतावा) नहीं है, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन और सबसे बड़ी होती है।' भाजपा विधायक ने नगर निगम के अफसरों पर आरोप लगाया कि वे आम जनता के जायज मुद्दों को लेकर जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं।

विजयवर्गीय ने कहा, 'अधिकारी यह बात भूल जाते हैं कि जनता की मेहनत की कमाई से भरे जाने वाले कर से उन्हें तनख्वाह मिलती है। अफसर अपने आला अधिकारियों की लीपापोती में इतने मगरूर हो जाते हैं कि वे जनता को कीड़े-मकोड़े जैसा समझने लगते हैं और यह बात हमें कतई बर्दाश्त नहीं है।' बहरहाल, जेल से छूटने के बाद गांधीगीरी की बात करने वाले आकाश विजयवर्गीय के सुर महज चार दिन पहले अलग थे। बल्ला कांड में गिरफ्तारी से पहले बुधवार को भाजपा विधायक ने एक बयान में कहा था, 'मैं बहुत गुस्से में था। मुझे याद नहीं कि मैंने क्या किया?' तब उन्होंने यह भी कहा था, 'यह तो बस शुरुआत है। हम (नगर निगम कर्मचारियों के) भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को खत्म करेंगे। आवेदन, निवेदन और फिर दनादन, यह है हमारा लाइन ऑफ एक्शन।'


**PUBLIC NOTICE**

"Be known to all, that my clients RAJINDER MOHAN S/o SH. B.B. LAL & RADHA RANI W/O RAJINDER MOHAN both C-2/4A, VASHISHT PARK, EXTN. PANKHA ROAD, SOUTH WEST DELHI-110046 have debarred and disowned their son AMIT MOHAN aged 34 years and his wife SHWETA BHATNAGAR aged 31.5 years and his daughter AARIKA BHATNAGAR AGE 11.5 months from their all movable and immovable assets and properties and they are disobedience and are working against and beyond the control of my clients. My clients had also severed all their relations and connections from the all above said persons. If any body deals with them in any manner, then my clients will not be responsible for any of their deeds and acts.

Sd/-
**Vinay Kumar Bhargava (Advocate)**
**Chamber No. 445,**
**Dwarka District Court**
**New Delhi Mob: 9310428341**

**PUBLIC NOTICE**

I, Harpal Singh, son of Amarjit Singh, holder of Indian Passport No. K6794126, issued at Vancouver on 12/08/2013, permanent resident of RB-161 Sector-6 RBI FLATS R.K. Puram New Delhi- 110022 and presently residing at Unit-60, 5957 152 Street, Surrey B.C. V3S3K4 Canada, do hereby change my name from Harpal Singh to Harpal Singh Uppal, with immediate effect.

**प्रपत्र सं. आईएनसी-26**
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
सैमको मशीनरी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (CIN: U29253DL2006PTC155375) जिसका पंजीकृत कार्यालय 71, सराई जुलेना, बारात घर के निकट, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 में है।
........ आवेदक कम्पनी/याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ''रा.रा. क्षेत्र दिल्ली'' से ''हरियाणा राज्य'' में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 20 मई, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।
सैमको मशीनरी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड 71, सराई जुलेना, बारात घर के निकट, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025

**आवेदक के लिये तथा उसकी ओर से**
**सैमको मशीनरी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**कमल सिंह कटाल**
**(निदेशक)**
तिथिः 01.07.2019
स्थानः नई दिल्ली
**DIN: 08198427**

**सार्वजनिक सूचना**

*(कम्पनीज (निगमन) नियमन 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)*
**केन्द्रीय सरकार के समक्ष, उत्तरी क्षेत्र**
कम्पनीज अधिनियम, 2013, की धारा 13 की उपधारा (4) एवं कम्पनीज (निगमन) नियमन 2014 के नियम 30 के क्लॉज (ए) के उपनियम (5) के मामले में
एवं
**यूनीक डेस्टीनेसन ई-अकादमी प्राईवेट लिमिटेड, (CIN: U80302DL2004PTC125494) जिसका पंजीकृत कार्यालय ए-151, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली डीएल आईएन 110096 में स्थित है, के मामले में**
....याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अन्तर्गत कम्पनी की 13 मई, 2019 को सम्पन्न विशेष सामान्य साधारण बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी के मैमोरन्डम ऑफ एसोशियेसन में बदलाव कर कम्पनी केन्द्रीय सरकार से पुष्टीकरण हेतु आवेदन करने का प्रस्ताव कर रही है ताकि कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में परिवर्तित किया जा सके।
कोई व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से हित प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हित की प्रकृति और विरोध के कारण बताते हुए एक शपथ पत्र द्वारा या तो एमसीए-21 के पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र पर दाखिल कर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के अंदर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, द्वितीय मंजिल, बी-2 विंग, डा० दीन दयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ काम्पलैक्स, नई दिल्ली - 110003 को अपनी आपत्तियां प्रेषित कर और उसकी एक प्रतिलिपि आवेदक कम्पनी को उसके निम्न वर्णित पते ए-151, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली डीएल आईएन 110096 पर भेजनी होगी।
**यूनीक डेस्टीनेसन ई-अकादमी प्राईवेट लिमिटेड के मंडल की ओर से उनके लिए**
**हस्ता०/-**
**संतोष कुमार गुप्ता**
**निदेशक**
**DIN: 01066811**
हाऊस न० 44, ब्लॉक-सी, सेक्टर- 53, नौयडा

**प्रपत्र सं. आईएनसी-26**
**समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विज्ञापन**
**[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]**
**क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष**
कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले में
तथा
**मै. रुद्र कॉम्वेन्चर्स प्राईवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-100, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076 में है, के मामले में
........ **याचिकाकर्ता**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ''रा.रा. क्षेत्र दिल्ली'' से ''उत्तर प्रदेश राज्य'' में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 22.06.2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के क्लॉज II (अवस्थिति क्लॉज) परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय) के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।
**सी-100, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076**

**रुद्रा कॉम्वेन्चर्स प्राईवेट लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**सुनील बंसल**
**स्थानः नई दिल्ली** **निदेशक**
**तिथिः 29.06.2019** **DIN: 00291774**
**निवासीः 506, ब्लॉक-बी, रुद्रा ट्विन टावर्स, न्यू बेरी रोड, लखनऊ-226001, उ.प्र.**

**"IMPORTANT"**

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में शनिवार को मरीज की मौत पर परिजनों ने किया था हंगामा

# डॉक्टर आज हड़ताल पर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में शनिवार देर रात एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। डॉक्टरों का आरोप है कि परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ और डॉक्टरों के साथ मारपीट भी की। मारपीट में दो डॉक्टरों को गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को पूरी तरह से काम बंद की घोषणा की है। अस्पताल का आपात विभाग हड़ताल से अलग रहेगा। पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर जगमोहन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पिछले महीने भी हिंदू राव अस्पताल में सुरक्षा के नाम पर डॉक्टरों ने कई दिनों तक हड़ताल की थी।

हिंदू राव रेजिडेंटस डॉक्टर्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ संजीव चौधरी ने बताया कि शनिवार देर रात 45 साल की राजबाला अस्पताल में इलाज के लिए आई थीं। गुर्दों की


प्रतिकात्मक फोटो

बीमारी से पीड़ित राजबाला डायलिसिस पर थीं और कुछ दिनों से डायलिसिस नहीं करा रही थीं। उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई तो उन्हें अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर सुनते ही परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप है कि परिजनों ने डॉ प्रणय और डॉ राजेश पर जानलेवा हमला कर दिया। राजेश के तीन टांके लगे जबकि प्रणय के हाथ पांव में गंभीर चोटें आई। हालात बिगड़ते देख डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया। फिर बाड़ा हिंदू राव थाने में सीनियर डॉक्टर जगमोहन की शिकायत पर धारा 186, 353, 332, 34 सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट करने व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि के तहत मामला दर्ज कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, मृतका राजबाला के गुर्दे खराब थे। शनिवार रात करीब 1:40 बजे परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। उनकी हालत बहुत नाजुक थी। इस वजह से डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा था। डॉ जगमोहन ड्यूटी पर थे। उधर, एसोसिएशन के डॉ राहुल और संजीव चौधरी का कहना है कि इस तरह लगातार डॉक्टरों के साथ सुरक्षा की ढिलाई से हम असुरक्षित महसूस कर रहे हैं लिहाजा हमारे सामने सिवाए अहिंसक तरीके से हड़ताल के सिवाए कोई चारा नहीं बचता है। अस्पताल के डॉक्टरों ने यह फैसला किया है कि जब तक सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त नहीं हो जाता तब तक हमलोग सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे।

## हाइटेंशन तार की चपेट में आने से युवक झुलसा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

राजापुरी में एक दुकान में काम कर रहा मजदूर उसके ऊपर से गुजरने वाले हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। युवक की पहचान अंकित उर्फ जितेंद्र (18) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर काम पर लगाने वाले दुकान के मालिक सीताराम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।


पुलिस के मुताबिक, अंकित मजदूरी का काम करता है। अंकित के पिता धर्मेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि शुक्रवार को वह राजापुरी चौक पर काम की तलाश में खड़ा था। दोपहर करीब 12:30 बजे सीताराम नामक व्यक्ति उसे राजापुरी स्थित एक दुकान में काम कराने के लिए ले गया था। वहां उस शख्स ने उसे दुकान के अंदर काम करने के लिए छोड़ बाहर से शटर बंद कर वहां से चला गया था। काफी देर काम करने के बाद उसे प्यास लगी। उसने शटर खटखटाया लेकिन न तो शटर खुला और न ही वह मालिक आया। हारकर वह ऊपर छत पर चला गया। छज्जे पर गीला बांस खड़ा था, हाथ लगने पर करंट लगा और ऊपर हाइटेंशन तार की तरफ खिंच गया।

## दिल्ली के जनादेश का अपमान कर रही है भाजपा : सिसोदिया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर दिल्ली की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कहा कि भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा कहते हैं कि 'आप' उपहास का विषय बन गई है। जबकि सच यह है कि भाजपा शासित किसी भी राज्य के स्कूल दिल्ली के स्कूलों की तुलना में कहीं नहीं ठहरने वाले। दूसरी ओर दिल्ली विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को अपने एक ट्वीट में कहा कि यदि सचमुच दिल्ली के स्कूलों की स्थिति में बहुत सुधार आया है तो ऐसा क्यों है कि यहां के सरकारी स्कूलों में नौवीं में दाखिला लेने वाले बच्चों में से मात्र 20 फीसद ही 12वीं तक उत्तीर्ण होते हैं। पार्टी ने यह भी पूछा है कि 1150 स्कूलों में से केवल 10 स्कूलों की ही बात क्यों की जाती है।

सिसोदिया ने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि 'वह जेपी नड्डा और विजय गोयल को चुनौती देता हूं कि भाजपा शासित किसी भी राज्य के टॉप 10 सरकारी स्कूल चुन लें और दिल्ली के भी टॉप 10 सरकारी स्कूल चुन लिए जाएं और तुलना कर ली जाए। उसके बाद बहस करते हैं



कि क्या देखकर हंसी आती है क्या देखकर रोना आता है'। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष दिल्ली के लोगों का उपहास उड़ा रहे हैं। वह दिल्ली के लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार, चुने हुए मुख्यमंत्री और उनके काम का मजाक उड़ा रहे हैं। सिसोदिया ने भाजपा नेताओं को चुनौती देते हुए कहा-आप भाजपा शासित एक राज्य बता दीजिए जहां के सरकारी स्कूलों में इतना सुधार आया हो, जितना आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में दिल्ली में किया है। उन्होंने पूछा कि एक राज्य बताइए जहां के सरकारी स्कूलों का परिणाम दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तरह बेहतर हुआ हो। उन्होंने कहा कि पड़ोस के गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, लोनी इत्यादि के बच्चे आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने आ रहे हैं।

## अशोक रोड के बंगले में होंगे ध्वनि प्रदूषण रोकने के इंतजाम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

राजधानी के पसंदीदा शादी समारोह स्थल 5-अशोक रोड में जल्दी ही ध्वनि प्रदूषण रोकने के इंतजाम किए जाएंगे क्योंकि पड़ोसियों ने वहां शोर होने की शिकायत की है। आए दिन होने वाले समारोह के आयोजन की वजह से आसपास रहने वालों को परेशानी न हो, इसके लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) ने विशेष योजना तैयार की है।

सीपीडब्लूडी की योजना के अनुसार, बंगले के खुले क्षेत्र में शेड लगाए जाएंगे। जहां डीजे और डीजल जेनरेटर लगता है वहां भी शेड लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि बंगले की चहारदीवारी पर वर्टिकल गार्डन लगाए जाएंगे ताकि शोर को कम किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, सीपीडब्लूडी ने विवाह तथा अन्य समारोहों के दौरान होने वाले शोर से निपटने के लिए सलाहकार से और




उपाय पूछे गए हैं। 5-अशोक रोड का यह बंगला सांसदों, न्यायाधीशों, सेना के अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों के आवासों के बीच में स्थित है। अधिकारी का कहना है कि हमें 5-अशोक रोड वाले बंगले से ध्वनि प्रदूषण होने की शिकायत मिली है। एक सलाहकार से इस ध्वनि प्रदूषण से निपटने के उपाय पूछे गए हैं। लुटियंस में स्थित इस बंगले की देखभाल की जिम्मेदारी केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के पास है।


श्रोता
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भारतीय जनता पार्टी के नेता।

## तटरक्षक के महानिदेशक बने कृष्णस्वामी नटराजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

भारतीय तटरक्षक के नए महानिदेशक कृष्णस्वामी नटराजन बन गए हैं। 30 जून को उन्होंने 23वें प्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने राजेंद्र सिंह की जगह ली है। इस नियुक्ति से पहले नटराजन वेस्टर्न सीबोर्ड के कोस्ट गार्ड कमांडर थे, जिसे संवेदनशील माना जाता है। यह गुजरात तट पर पाकिस्तान से लगने के साथ-साथ दक्षिण में केरल तक फैला हुआ है। नटराजन 1984 में बल में शामिल हुए थे और तब से वह कई महत्त्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। इन्हें साल 2016 के अगस्त महीने में अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया था। फ्लैग अफसर को राष्ट्र की विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक एंव तटरक्षक पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## संयंत्र में डूबे एक मजदूर का मिला शव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

दिल्ली जल बोर्ड के केशोपुर पाइप लाइन हादसे में रविवार सुबह तीसरे दिन एनडीआरएफ और पुलिस की टीम ने एक कर्मचारी 25 साल के देवेंद्र शर्मा की लाश बरामद कर ली। शर्मा के साथ दो अन्य सहयोगी शाहरुख खान और अंकित सीवेज साफ करने के दौरान गायब हो गए थे। खान की लाश शुक्रवार को मिली थी जबकि अंकित की तलाश की जा रही है। रविवार को जो लाश मिली वह गहरी खाई में थी।

### एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक लाख रुपए के इनामी बदमाश और हत्या के मामले में वांछित शातिर गैंगस्टर सोनू जाट उर्फ सोनू चिरी को गिरफ्तार कर नीरज बवाना गिरोह के एक बड़े सदस्य को गिरफ्तार करने का दावा किया है। उसके पास से एक पिस्तौल और कारतूस मिले हैं। उसके ऊपर हत्या के प्रयास के मामले भी दर्ज हैं।

## कनॉट प्लेस की नई व्यवस्था से लोग हुए परेशान, व्यापारियों में गुस्सा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

राष्ट्रीय राजधानी में खरीदारी व खाने पीने के लिए मशहूर कनॉट प्लेस में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की व्यवस्था को लेकर रविवार को कुछ ज्यादा ही समस्या दिखी। पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए बनाए नए नियमों से वाहनों की पार्किंग की समस्या छुट्टी का दिन होने के चलते अचानक बढ़ गई। इससे यहां बनी दुकानों में कम ग्राहक पहुंचने से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। अपने परिवार के साथ यहां घूमने पहुंची श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि जो लोग मेट्रो से आते हैं उनके लिए यह व्यवस्था ठीक है लेकिन एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक वे जाएंगे कैसे। उन्हें तो पैदल ही जाना पड़ेगा।



निपूनिका शाहिद को इस नए नियम के चलते अपनी कार को काफी दूर बने शिवाजी स्टेडियम में खड़ी करके आना पड़ा। उन्होंने कहा कि समूचे इनर सर्किल को ब्लॉक कर दिया गया है और मिडिल सर्किल में पार्किंग को लेकर बहुत अव्यवस्था है। उन्हें शिवाजी स्टेडियम में गाड़ी खड़ी करके वापस कनॉट प्लेस आना पड़ा है। लोकप्रिय यूनाईटेड कॉफी हाउस के प्रतिनिधि ने बताया कि आमतौर पर ग्राहकों को कम से कम आधे घंटे का इंतजार करना पड़ता था। पर रविवार को बहुत कम ग्राहक पहुंचे हैं। नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विनय बहल ने बताया कि नई व्यवस्था के कारण नियमित ग्राहक भी दुकानों तक नहीं पहुंच सके। एक व्यापारी अमित गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों की आमद 85-90 फीसद गिर गई है। इससे कारोबार में गिरावट आई है। शनिवार को एनडीएमसी ने सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) करके नई यातायात व्यवस्था की परख की थी। जनवरी, 2017 में तत्कालीन शहरी विकास मंत्री एम वैंकेया नायडू ने इस विचार को सामने रखा था जिसे बाद में एनडीएमसी ने लागू किया।

## दिल्ली कांग्रेस में चाको और शीला के बीच आर-पार की लड़ाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।


लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के मद्देनजर पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के इस्तीफे की पेशकश के बाद दिल्ली कांग्रेस बेलगाम दिख रही है। दिल्ली के प्रभारी पीसी चाको और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित के बीच आर-पार की लड़ाई शुरू हो गई है। दिल्ली कांग्रेस का शीला विरोधी खेमा चाको के पीछे लामबंद हो गया है तो दीक्षित समर्थकों ने भी विरोधियों के खिलाफ ताल ठोक दी है। चाको खेमा किसी भी सूरत में दीक्षित को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटवाने पर आमादा है। इसी सिलसिले में खुद चाको एक-दो दिन में राहुल गांधी से मिलने वाले हैं। समझा जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दलील देकर हाईकमान से सूबे में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर सकते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीक्षित ने सूबे के सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का हटाने का फैसला क्या लिया, पार्टी में हड़कंप मच गया। दीक्षित ने लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों की जांच के लिए दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री एके वालिया की अगुआई वाली समिति की सिफारिश के अधार पर यह कार्रवाई की, जबकि दीक्षित विरोधी खेमे ने कहा कि जब उस समिति के समक्ष ज्यादा



- राहुल गांधी से मिल सकते हैं दिल्ली के प्रभारी पीसी चाको
- संगठन में बदलाव के बहाने गुटबाजी तेज

लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार गए ही नहीं, तो इस समिति की रिपोर्ट का और उसके आधार पर कार्रवाई का कोई मतलब नहीं है। लेकिन प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र कोचर का कहना है कि अभी तो केवल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हटाए गए हैं, जल्दी ही जिलाध्यक्षों को भी बदला जाएगा और प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र



ही किया जाएगा। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगी। दूसरी ओर दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी चाको ने दीक्षित के आदेश से 280 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को पद से हटाने के आदेश को स्थगित कर दिया है। अब दीक्षित खेमा प्रदेश अध्यक्ष के आदेश को अंतिम करार दे रहा है, दूसरी ओर दीक्षित के तमाम विरोधियों का यह कहना है कि चाको कांग्रेस हाईकमान के प्रतिनिधि हैं और उनका आदेश अंतिम है। दिलचस्प है कि कांग्रेस में दीक्षित के जितने भी विरोधी नेता हैं, वे खुद पर्दे के पीछे हो गए हैं और उन्होंने चाको को आगे कर दिया



- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीक्षित ने दिल्ली के सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को हटाने का फैसला लिया था जिसके बाद पार्टी में हड़कंप मच गया

है। इन नेताओं का कहना है कि दीक्षित की उम्र और सेहत इतनी दुरुस्त नहीं है कि वह सड़क पर उतरकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ सियासी लड़ाई लड़ सकें। लेकिन दीक्षित समर्थकों का कहना है कि विधानसभा चुनाव हर हालत में शीला दीक्षित के ही नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए।

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर, 2019 (15.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

RAMPRASTHA PROMOTERS AND DEVELOPERS PRIVATE LIMITED
Registered Address: Plot no. 114, Sector-44, Gurugram-122002

INVITATION TO OBJECTIONS REGARDING AMENDMENT IN THE BUILDING PLANS

Ramprastha Promoters and Developers Private Limited is hereby inviting applications for objections from the existing allottees of Project Primera regarding the amendment in the building plans due to additional Third Basement Parking in Group Housing Colony measuring 13.156 acres (Licence No. 12 of 2009 dated 21.05.2009) in Sector-37D, Gurugram.

Allottees can express their objection in writing to the Company at its registered address or may file their objections in the office of the Senior Town Planner, Gurugram within 30 days from the date of publication of such notice.

For detailed information please visit www.ramprastha.com or contact at 124-4333444
* License no 12 of 2009 was granted in favour of S A Infratech Pvt Ltd which has merged into Ramprastha Promoters and Developers Pvt. Ltd.

VASTU
वास्तु हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लि.
CIN No.: U65922MH2005PLC272501
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गतु वास्तु हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 8.3.2019 जारी कर ऋणधारक/ कों श्री हरेन्दर तंवर तथा श्रीमती सरिता तंवर को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 19,85,586/- (रुपये उन्नीस लाख पचासी हजार पांच सौ छियासी मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, गारन्टर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 13 जून, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक/ सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों एवं गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 19,85,586/- (रुपये उन्नीस लाख पचासी हजार पांच सौ छियासी मात्र) तथा उस पर ब्याज, लागत आदि के लिये वास्तु हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (दिल्ली शाखा) के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण
सम्पूर्ण फ्लैट नं. एलजी-1, जीएफ खसरा नं. 835 तथा 836, लाल डोरी, ग्राम डेरा मंडी, तहसील हौज खास, तहसील मेहरौली, दिल्ली- 110047, चौहद्दी इस प्रकार है: पूर्वः साई कृपा अपार्ट., पश्चिमः नंद अपार्ट. उत्तरः प्रवेश, दक्षिणः 26 फीट रोड

तिथि: 26.6.2019 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थानः दिल्ली वास्तु हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लि.




कोलकाता में रविवार को चाय की चुस्की के साथ 'मन की बात' सुनते लोग।

# कूड़ा फैलाने पर गुप्ता बंधुओं पर नगरपालिका ने ठोका जुर्माना

देहरादून, 30 जून (भाषा)।

जोशीमठ नगरपालिका ने प्रवासी भारतीय कारोबारी गुप्ता बंधुओं पर 'स्की रिजार्ट' औली में अपने पुत्रों की शादी के दौरान गंदगी और कूड़ा फैलाने पर ढाई लाख रुपए का जुर्माना ठोंक दिया है। इन शादियों पर 200 करोड़ रुपए का खर्च आया है।

जोशीमठ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सत्यपाल नौटियाल ने बताया कि डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना वहां पर खुले में शौच करने के लिए तथा एक लाख रुपए का जुर्माना कूड़ा बिखेरने पर लगाया गया है। इसके अलावा, नगर पालिका ने 8.14 लाख रुपए का बिल विवाह आयोजन की जिम्मेदारी संभालने वाली इवेंट मैनेजमेंट कंपनी पर औली से कूड़ा उठाने पर आये खर्च की वसूली के रूप में भेजा है। दूसरी तरफ गुप्ता बंधुओं ने भी नगर पालिका से सभी बिल चुकाने पर हामी भरी है और वे जुर्माना भी भरने को तैयार हैं।

● जोशीमठ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सत्यपाल नौटियाल ने बताया कि डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना वहां पर खुले में शौच करने के लिए तथा एक लाख रुपए का जुर्माना कूड़ा बिखेरने पर लगाया गया है

गौरतलब है कि इस माह की 19-20 तारीख को अजय गुप्ता के पुत्र सूर्यकांत और 21-22 तारीख को अतुल गुप्ता के पुत्र शशांक की औली में विवाह हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, योगगुरु बाबा रामदेव तथा अभिनेत्री कैटरीना कैफ जैसी हस्तियों ने शिरकत की थी। नौटियाल ने बताया कि औली को कूड़ा और शौच की गंदगी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है।

दक्षिण अफ्रीका में कारोबार करने वाले गुप्ता बंधुओं अजय और अतुल का नाम पिछले साल तब चर्चा में आया था जब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पद से इस्तीफा देना पड़ा था और जांच की जद में वे भी आ गए। जुमा के करीबी माने जाने वाले गुप्ता बंधुओं के खिलाफ दक्षिण अफ्रीकी एजंसियां उनके द्वारा जुमा के कार्यकाल के दौरान अवैध रूप से कथित तौर पर संपत्ति जमा करने के आरोपों की जांच कर रही हैं।

# प्रधानमंत्री ने लोगों से नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने का आग्रह किया

**मोदी ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में समाज का जो यथार्थ चित्रण किया है, पढ़ते समय उसकी छवि आपके मन में बनने लगती है। उनकी लिखी एक-एक बात जीवंत हो उठती है।**

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रमों में 'गुलदस्ता नहीं किताब' देने के अपने आग्रह को दोहराते हुए सभी लोगों से नियमित रूप से किताब पढ़ने के लिए समय निकालने का आग्रह किया । उन्होंने महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का जिक्र करते हुए उनकी कहानी 'नशा', 'ईदगाह' और 'पूस की रात' का उल्लेख भी किया।

नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में लोगों से कहा, 'आपने कई बार मेरे मुंह से सुना होगा, बूके नहीं बुक। मेरा आग्रह था कि क्या हम स्वागत-सत्कार में फूलों के बजाय किताबें दे सकते हैं। तब से काफी जगह लोग किताबें देने लगे हैं।'

उन्होंने कहा कि उन्हें हाल ही में किसी ने 'प्रेमचंद की लोकप्रिय कहानियां' नाम की पुस्तक दी। उन्हें बहुत अच्छा लगा। हालांकि, बहुत समय तो नहीं मिल पाया, लेकिन प्रवास के दौरान मुझे उनकी कुछ कहानियां फिर से पढ़ने का मौका मिल गया। मोदी ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में समाज का जो यथार्थ चित्रण किया है, पढ़ते समय उसकी छवि आपके मन में बनने लगती है। उनकी लिखी एक-एक बात जीवंत हो उठती है। सहज, सरल भाषा में मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने वाली उनकी कहानियां मेरे मन को भी छू गई। उनकी कहानियों में समूचे भारत का मनोभाव समाहित है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं उनकी लिखी 'नशा' नाम की कहानी पढ़ रहा था, तो मेरा मन अपने-आप ही समाज में व्याप्त आर्थिक विषमताओं पर चला गया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी युवावस्था के दिन याद आ गए कि कैसे इस विषय पर रात-रात भर बहस होती थी। जमींदार के बेटे ईश्वरी और गरीब परिवार के बीर की इस कहानी से सीख मिलती है कि अगर आप सावधान नहीं हैं तो बुरी संगति का असर कब चढ़ जाता है, पता ही नहीं लगता है।

उन्होंने कहा कि दूसरी कहानी, जिसने उनके दिल को अंदर तक छू लिया, वह थी 'ईदगाह'। यह एक बालक की संवेदनशीलता, उसका अपनी दादी के लिए विशुद्ध प्रेम, उतनी छोटी उम्र में इतना परिपक्व भाव। 4-5 साल का हामिद जब मेले से चिमटा लेकर अपनी दादी के पास पहुंचता है तो सच मायने में, मानवीय संवेदना अपने चरम पर पहुंच जाती है। मोदी ने कहा कि इस कहानी की आखिरी पंक्ति बहुत ही भावुक करने वाली है क्योंकि उसमें जीवन की एक बहुत बड़ी सच्चाई है, 'बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था- बुढ़िया अमीना, बालिका अमीना बन गई थी।' उन्होंने कहा कि ऐसी ही एक बड़ी मार्मिक कहानी है 'पूस की रात'। इस कहानी में एक गरीब किसान जीवन की विडंबना का सजीव चित्रण देखने को मिला। मोदी ने कहा कि हालांकि ये कहानियाँ लगभग सदी भर पहले की हैं लेकिन इनकी प्रासंगिकता, आज भी उतनी ही महसूस होती है। इन्हें पढ़ने के बाद, उन्हें एक अलग प्रकार की अनुभूति हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी मीडिया में केरल की अक्षरा लाइब्रेरी के बारे में पढ़ा। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये लाइब्रेरी इडुक्की के घने जंगलों के बीच बसे एक गांव में है। यहां के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पीके मुरलीधरन और छोटी सी चाय की दुकान चलाने वाले पीवी चिन्नाथंपी, इन दोनों ने इस लाइब्रेरी के लिए अथक परिश्रम किया है।

उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी रहा, जब गट्ठर में भरकर और पीठ पर लादकर यहां पुस्तकें लाई गईं। आज ये लाइब्रेरी, आदिवासी बच्चों के साथ हर किसी को एक नई राह दिखा रही है। मोदी ने कहा कि गुजरात में वांचे गुजरात अभियान एक सफल प्रयोग रहा। लाखों की संख्या में हर आयु वर्ग के व्यक्ति ने पुस्तकें पढ़ने के इस अभियान में हिस्सा लिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज की डिजिटल दुनिया में, गूगल गुरु के समय में, मैं आपसे भी आग्रह करूंगा कि कुछ समय निकालकर अपनी दिनचर्या में किताब को भी जरूर स्थान दें। आप सचमुच में बहुत आनंद करेंगे।'

# मेरे लिए स्वयं से मिलने का अवसर थी केदारनाथ धाम की यात्रा : मोदी

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के अंत में अपनी केदारनाथ धाम की यात्रा का जिक्र करते हुए रविवार को कहा कि चुनाव की आपाधापी में बहुत से लोगों ने इसके राजनीतिक मायने निकाले लेकिन यह आध्यात्मिक यात्रा मेरे लिए स्वंय से मिलने का अवसर थी। लोगों के साथ मौन संवाद था।

प्रधानमंत्री ने नई सरकार के गठन के बाद आकाशवाणी पर प्रसारित पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें कई सारे संदेश पिछले कुछ महीनों में प्राप्त हुए हैं। इनमें लोगों ने कहा कि वो 'मन की बात' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब वे ऐसी बातें पढ़ते और सुनते हैं तो उन्हें काफी अच्छा लगता है और वे अपनापन महसूस करते हैं।

● चुनाव की आपाधापी में बहुत से लोगों ने इसके राजनीतिक मायने निकाले लेकिन यह आध्यात्मिक यात्रा मेरे लिए स्वंय से मिलने का अवसर थी। लोगों के साथ मौन संवाद था।

मोदी ने कहा कि कभी-कभी मुझे उन्हें यह लगता है कि यह उनकी 'स्व' से 'समष्टि' की यात्रा है। यह उनकी 'अहं' से 'व्यं' की यात्रा है। उनके लिए लोगों के साथ मौन संवाद और एक प्रकार से उनकी आध्यात्मिक यात्रा की अनुभूति का भी अंश था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने उनसे पूछा कि चुनाव की आपाधापी में वे केदारनाथ क्यों चले गए। इस बारे में और भी बहुत सारे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा, 'आपका हक है, आपकी जिज्ञासा भी मैं समझ सकता हूं और मुझे भी लगता है कि कभी मेरे उन भावों को आप तक कभी पहुंचाऊं,लेकिन आज मुझे लगता है कि अगर मैं उस दिशा में चल पड़ूंगा तो शायद मन की बात का रूप ही बदल जाएगा और इसलिए चुनाव की इस आपाधापी, जय-पराजय के अनुमान, अभी पोलिंग भी बाकी था और मैं चल पड़ा।'

मोदी ने कहा, 'ज्यादातर लोगों ने उसमें से राजनीतिक अर्थ निकाले हैं। लेकिन मेरे लिए यह मुझसे मिलने का अवसर था। एक प्रकार से मैं, स्वयं से मिलने चला गया था।' उन्होंने कहा, ' मैं और बातें तो आज नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि मन की बात के इस अल्पविराम के कारण जो खालीपन था, केदार की घाटी में, उस एकांत गुफा में, शायद उसने कुछ भरने का अवसर जरूर दिया था।'

उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के लिए जो चिट्ठियां आती हैं, जो विचार प्राप्त होते हैं वो नियमित सरकारी कामकाज से बिल्कुल अलग होते हैं। एक प्रकार से आपकी चिट्ठी भी मेरे लिये कभी प्रेरणा का कारण बन जाती है तो कभी ऊर्जा का कारण बन जाती है। कभी-कभी तो मेरी विचार प्रक्रिया को धार देने का काम आपके कुछ शब्द कर देते हैं।

# जीएसटी की दूसरी वर्षगांठ पर नए सुधार लाएगी सरकार

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

माल व सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन की दूसरी वर्षगांठ पर सोमवार को सरकार इस अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में कुछ और सुधार पेश करेगी। इन सुधारों में नई रिटर्न प्रणाली, नकद खाता प्रणाली को तर्कसंगत बनाना और एकल रिफंड वितरण प्रणाली शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि वित्त व कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया है कि जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पासा पलटने वाला है। इसने बहुस्तरीय और जटिल कर ढांचे को एक सरल, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी आधारित कर व्यवस्था में बदला है।

मंत्रालय ने कहा कि वह 1 जुलाई, 2019 से परीक्षण के आधार पर एक नई रिटर्न प्रणाली शुरू करेगा। एक अक्तूबर से इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि छोटे करदाताओं के लिए सहज और सुगम रिटर्न का प्रस्ताव किया गया है। एक नकद खाते के संदर्भ में सरकार इसे तर्कसंगत बनाते हुए 20 मदों को पांच प्रमुख मदों में शामिल करेगी। कर, ब्याज, जुर्माना, शुल्क और अन्य के लिए केवल एक नकद बही खाता होगा।

● इन सुधारों में नई रिटर्न प्रणाली, नकद खाता प्रणाली को तर्कसंगत बनाना और एकल रिफंड वितरण प्रणाली शामिल है।

मंत्रालय ने कहा कि एक एकल रिफंड वितरण प्रणाली बनाई जाएगी जिसमें सरकार सभी प्रमुख रिफंडों सीजीएसटी, एसजीएसटी, आइजीएसटी और उपकर के रिफंड को मंजूरी देगी। जीएसटी को संसद के केंद्रीय हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में 30 जून, 2017 की मध्य रात्रि को लागू किया गया था। उसके बाद यह 1 जुलाई, 2017 से प्रभाव में आया।

इससे पहले, भारतीय उद्योग जगत ने राय जताई कि अब इस कर सुधार का तेजी से दूसरा चरण शुरू होना चाहिए और जीएसटी के दायरे में बिजली, तेल व गैस, रीयल एस्टेट और अल्कोहल को लाया जाना चाहिए। साथ ही कर स्लैब को दो-तीन तक सीमित किया जाना चाहिए।


# केरल में लापता हुई जर्मन महिला की तलाश शुरू

तिरुवनंतपुरम, 30 जून (भाषा)।

जर्मनी से मार्च में केरल आने वाली एक महिला यहां से लापता हो गई है और उसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि 30-35 साल की इस महिला की पहचान लीजा के तौर पर हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि उन्हें इस संबंध में पिछले हफ्ते एक शिकायत मिली और जांच शुरू कर दी गई। सूत्र ने बताया कि इस संबंध में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती है। जर्मन महिला की कथित गुमशुदगी की खबर ऐसे वक्त में आई है जब पिछले ही साल लातविया की 33 वर्षीय महिला पर्यटक की नृशंस हत्या ने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया था।

लातविया की महिला पिछले साल 14 मार्च को कोवलम से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई थी।उसकी सड़ी-गली एवं सिर कटी लाश 21 अप्रैल को तिरुवलम के मैंग्रोव जंगल से बरामद हुई थी। इस संबंध में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो लोगों को बाद में गिरफ्तार किया गया था।



रविवार को छुट्टी के दिन श्रीनगर के मुगल गार्डन में तफरीह करते सैलानी।

# अलवर के सांसद बाल-बाल बचे, उतर नहीं सका हेलिकॉप्टर

अलवर, 30 जून (भाषा)।

अलवर से सांसद महंत बालकनाथ उस समय बाल- बाल बच गए जब उनका हेलिकॉप्टर यहां कोटकासिम क्षेत्र में नियंत्रण खोने के बाद हवा में लहराते हुए हवाईपट्टी पर नहीं उतर सका और दिल्ली लौट गया।

सांसद बालकनाथ अलवर के कोटकासिम में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना हुए थे। पायलट हेलिकॉप्टर पर नियंत्रण करके हवाईपट्टी पर उतरने से पहले हवा में चार-पांच चक्कर लगाने के बाद दिल्ली ले गया।

कोटकासिम थानाधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि हेलिकॉप्टर की 'लैंडिंग' के समय हवाईपट्टी क्षेत्र में तेज हवाएं चल रही थी और हवाओं के दबाव के कारण हेलिकॉप्टर हेलिपेड पर घूमने लगा और उतर नहीं कर सका। इसके बाद हेलिकॉप्टर दिल्ली लौट गया।

उन्होंने बताया कि महंत बालकनाथ बाद में सड़क मार्ग सें पहुंचे। महंत बालकनाथ के एक सहयोगी ने बताया कि सोमनाथ के 19वें वार्षिक मेले में भाग लेने के लिए सांसद सड़क मार्ग से दिल्ली से कोटकासिम पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ : एसयूवी-बस की टक्कर में तीन की मौत

कोंडगांव, 30 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के कोंडगांव जिले में रविवार को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की बस के साथ टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि फारसगांव पुलिस थाना सीमा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सुबह-सुबह यह घटना घटी। उन्होंने कहा, 'एसयूवी में सवार छह लोग अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए जगदलपुर से कोरबा जा रहे थे। जब उनका वाहन चिचरीनाला पहुंचा, तो एक लक्जरी बस से उसकी भिड़ंत हो गई। बस रायपुर से बीजापुर जा रही थी।'

उन्होंने कहा, 'एसयूवी में सवार छह लोगों में से संतोष राव, पिंकू चौहान और मनोज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

# राजस्थान में महात्मा गांधी जयंती वर्ष समारोह अगले साल भी जारी रहेगा

**मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय समिति की बैठक में घोषणा की**

जयपुर, 30 जून (भाषा)।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पिछले एक साल से जारी कार्यक्रमों की अवधि राजस्थान सरकार ने 2020 तक के लिए बढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य स्तरीय समिति की बैठक में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांधीजी के दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 150वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रम अब अक्तूबर 2020 तक आयोजित किए जाएंगे। सरकार की ओर से जारी बयान में गहलोत ने कहा कि गांधी जी के विचारों का प्रसार सिर्फ एक साल में संभव नहीं है। इसलिए हमारी सरकार एक और वर्ष तक गांधीजी के जीवन दर्शन से संबंधित गतिविधियों और समारोहों का आयोजन करेगी, ताकि अहिंसा, शांति, सादगी और सत्य का बापू का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अकेले यह काम नहीं कर सकती, इसके लिए सबका सहयोग जरूरी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, प्रेम और अहिंसा के सिद्धांत पर दृढ़ रहने के दर्शन में सभी समस्याओं का समाधान है। सभी को उनका चिंतन और विचार अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शांति एवं अहिंसा विभाग स्थापित करेगी। साथ ही जयपुर में एक गांधी आश्रम और गांधी संग्रहालय की स्थापना पर विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख गांधीवादी विचारक एवं चिंतक डॉ. एसएन सुब्बाराव ने कहा कि गांधी जी ने हिंसा मुक्त, अपराध मुक्त, नशा मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को साकार करने के लिए हमें युवाओं को उनके बताए मार्ग पर ले जाना होगा।

● गांधी जी के विचारों का प्रसार सिर्फ एक साल में संभव नहीं है। इसलिए हमारी सरकार एक और वर्ष तक गांधीजी के जीवन दर्शन से संबंधित गतिविधियों और समारोहों का आयोजन करेगी, ताकि अहिंसा, शांति, सादगी और सत्य का बापू का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# दिल्ली मेट्रो में सीआइएसएफ के 5000 अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती को मंजूरी

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क को सुरक्षा देने के लिए सरकार ने 5,000 अतिरिक्त सीआइएसएफ कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दे दी है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेट्रो की सुरक्षा में तैनात सीआइएसएफ के सुरक्षा कमान ढांचे में बढ़ोतरी करते हुए उप महानिरीक्षक रैंक पद में एक पर्यवेक्षक पद की बढ़ोतरी की है। दिल्ली मेट्रो में मौजूदा समय में करीब 9,000 सीआईएसएफ कर्मी तैनात हैं और यह करीब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब 370 किलोमीटर क्षेत्र में फैले 270 स्टेशनों की रक्षा करते हैं। इसमें नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव और फरीदाबाद के इलाके भी शामिल हैं।

गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली मेट्रो सुरक्षा इकाई के 9,000 सीआइएसएफ कर्मियों में से 7,000 नियमित या आबंटन आधार पर तैनात होते हैं जबकि अन्य नए मार्गों और स्टेशनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आंतरिक सुरक्षा पैटर्न' या फिर जरूरत के हिसाब से उधार लिए जाते हैं।दिल्ली मेट्रो में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई संख्या के बाद दिल्ली मेट्रो सबसे ज्यादा संख्या में सीआइएसएफ कर्मियों की तैनाती वाला बन जाएगा। इसके बाद सिर्फ दिल्ली और मुंबई के हवाई अड्डे हैं जहां प्रत्येक में 6,000 - 6,500 कर्मी तैनात हैं।

## ट्रैक्टर पोखर में गिरा, दादा और तीन पोते-पोतियों की मौत

जयपुर, 30 जून (भाषा)।

राजस्थान के भरतपुर जिले के कांमा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के एक तालाब में गिर जाने की घटना में वाहन चालक और उस पर सवार तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। थानाधिकारी विनोद सवारिया ने बताया कि बगीची गांव निवासी आसीन मेव (65) ट्रैक्टर में अपने दो पोतों और एक पोती के साथ खेत से लौट रहे थे अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक तालाब में पलट गया जिससे दादा और तीनों मासूमों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आसीन मेव (65), शाहिद मेव (12), वहीद मेव (8) और रफी मेव (7) के रूप में की गई है।

जनसत्ता

1 जुलाई, 2019

# संरक्षणवाद और गोलबंदी

जापान के शहर ओसाका में जी-20 देशों के सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि तो यही रही कि प्रमुख सदस्य देशों के बीच कोई गंभीर मतभेद नहीं दिखा, बल्कि सबने भविष्य के लिए एक अच्छी और रचनात्मक शुरुआत का संकल्प किया। यों सभी राष्ट्रों के समक्ष आंतकवाद, जलवायु संकट और अन्य मुद्दे थे, लेकिन वैश्विक कारोबार और अर्थव्यवस्था का मुद्दा सब पर हावी रहा। बैठक के पहले इस बात के संकेत मिल रहे थे कि संरक्षणवाद के मुद्दे पर अमेरिका को घेरा जाएगा। इससे लग रहा था कि आयात शुल्क के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह का सख्त रुख अख्तियार किया हुआ है, उससे बैठक में गतिरोध बन सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बैठक का समापन बहुत ही सकारात्मक रुख के साथ हुआ और ट्रंप के तेवर भी नरम ही रहे। इसलिए इस बैठक का सबसे बड़ा हासिल तो यही है कि अब आने वाले वक्त में अमेरिका और चीन आयात शुल्क के मुद्दे पर नए सिरे से वार्ता करेंगे। दुनिया के बड़े देशों के बीच जारी व्यापार युद्ध को लेकर जो खतरे मंडरा रहे थे, उसके बादल अब छंट गए हैं।

पिछले साल भर से अमेरिका और चीन के बीच जिस तरह का व्यापार युद्ध चल रहा है, वह दुनिया के लिए संकट का बड़ा कारण बन सकता है। हालांकि दुनिया के ज्यादातर देश अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों का शिकार हो रहे हैं और इसीलिए इस सम्मेलन में भी गोलबंदी इसी को लेकर बनी कि अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों का खुल कर विरोध किया जाना चाहिए। जी-20 सम्मेलन से इतर रूस, चीन और भारत की अलग से जो बैठकों के दौर चले, उससे भी अमेरिका खासा दबाव में आया। वरना चीन के साथ वह दरों के मुद्दे पर बातचीत करने को राजी नहीं होता। मौके की नजाकत को भांपते हुए ट्रंप ने और दरियादिली दिखाई और कहा कि चीन से होने वाले आयात पर अमेरिका अब कोई शुल्क नहीं लगाएगा। चीन के लिए यह राहत भले तात्कालिक हो, लेकिन है बड़ी। चीन की अर्थव्यवस्था भी इस वक्त संतोषजनक संकेत नहीं दे रही है। अमेरिका भी जैसे-तैसे व्यापार युद्ध के संकट से निकलना चाहता है क्योंकि इसकी वजह से उसे दुनियाभर में आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है। इसीलिए दबाव की रणनीति के तहत रूस, चीन और भारत के बीच वार्ता संरक्षणवाद और इससे बने वैश्विक मंदी के माहौल पर ही केंद्रित रही।

जी-20 की बैठक में भारत जिस तरह से एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके बढ़ते प्रभाव का संकेत है। भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलता यह है कि उस पर किसी गुट विशेष का ठप्पा नहीं लगा है। हकीकत में भारत के साथ ऐसा है भी नहीं। संरक्षणवाद के मुद्दे पर अगर भारत ने चीन और रूस के साथ मिल कर आवाज उठाई है तो दूसरी ओर उसने जापान और अमेरिका के साथ भी बैठक की। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ भारत-जापान-अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का समूह पहले से साथ है। भारत ने इस बैठक में और इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय मंचों से यह संदेश दिया है कि वह अमेरिका के साथ है तो रूस और चीन के साथ भी बराबर के रिश्ते रखेगा और इस मामले में किसी के दबाव में नहीं आएगा। भारत के प्रधानमंत्री ने संरक्षणवाद से निपटने के लिए पांच सूत्रीय उपाय भी दुनिया के सामने रखे। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत ने सख्त रुख दिखाया और परदे के पीछे से आतंकवाद फैलाने और ऐसे देशों को समर्थन देने वालों को चेतावनी दी। भारत का बढ़ता दबदबा न केवल पड़ोसियों के लिए बल्कि विकसित देशों के लिए भी बड़ा संदेश है।

# स्त्री की सुध

महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा आदि को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाएं हैं। कई कड़े कानून हैं। अनेक क्षेत्रों में उन्हें विशेष सुविधाएं भी दी गई हैं। हर कहीं स्त्री सशक्तिकरण पर जोर दिया जाता रहा है। मगर हकीकत यह है कि आज तक महिलाओं को समाज में समुचित सम्मान नहीं मिल पाया है। न तो परिवारों में उनके भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, निजी चुनाव आदि को अहमियत दी जाती है और न समाज में उनके महत्त्व को समझा जाता है। उनकी सुरक्षा के तमाम प्रयासों के बावजूद घर के भीतर और बाहर उन पर हिंसा के मामले बढ़े ही हैं। हालांकि महिलाओं ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने हुनर और कौशल से साबित कर दिया है कि वे पुरुषों से किसी मामले में कम नहीं हैं, पर उनके योगदान को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाता। ऐसे में स्त्री सशक्तिकरण के मद्देनजर राष्ट्रीय नीति बनाने की पहल समय की मांग है। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने स्त्रियों की विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस नीति का मसविदा तैयार किया है। इस नीति के बनने से स्वाभाविक ही स्त्रियों की दशा में कुछ सुधार की उम्मीद जगी है।

नई नीति के मसविदे में स्त्रियों के हर पक्ष को ध्यान में रखा गया है। उसे रहने लायक वातावरण, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा आदि सभी पहलू इसमें शामिल होंगे। यों हर सरकार महिलाओं की उन्नति के लिए योजनाएं बनाती, सुविधाएं उपलब्ध कराती है, पर वे अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं। जो महिलाएं पढ़-लिख कर स्वावलंबी बन चुकी हैं, अनेक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सराहनीय योगदान कर रही हैं, वे भी घर और बाहर सुरक्षित तथा सम्मानित महसूस नहीं कर पाती हैं। ऐसे में दूर-दराज के इलाकों, ग्रामीण क्षेत्रों में घर की चारदीवारी के भीतर रहने वाली, मजूरी वगैरह करके परिवार का पेट पालने वाली महिलाओं के बारे में समाज कितना संवेदनशील होगा, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यों महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव, उनके अपमान, उनकी इच्छाओं का सम्मान न करने, उनके मौलिक अधिकारों का हनन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, पर वास्तव में उन्हें अपेक्षित न्याय नहीं मिल पाता। इसलिए प्रस्तावित राष्ट्रीय नीति में उन पहलुओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

महिलाओं को उनका हक न मिल पाने के पीछे बड़ा कारण समाज की मानसिकता है। समाज उन्हें कमतर मानता आया है। उनके भोजन, पोषण, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। उन्हें घर में सीख दी जाती है कि वे लड़कों से कमतर हैं, उन्हें घर की चारदीवारी के भीतर ही रहना है। समाज में शिक्षा का स्तर तो बढ़ रहा है, पर इसी मानसिकता की वजह से स्त्रियों के प्रति दुष्कर्म की घटनाएं रुक नहीं रहीं। कानून हैं, कड़े दंड के प्रावधान हैं, पर ऐसी घटनाएं रुक नहीं रहीं, तो उसके पीछे इन कानूनों का पालन कराने वाले पुरुष अमले की मानसिकता जिम्मेदार है। इस मानसिकता को बदले बिना स्त्री के वास्तविक सशक्तिकरण का सपना धुंधला ही रहेगा। इसलिए कानून के साथ-साथ उन पर अमल कराने वालों की जवाबदेही भी तय होनी जरूरी है।

## कल्पमेधा

जिसका निश्चय दृढ़ और अटल है, वह दुनिया को अपने सांचे में ढाल लेता है।

-गेटे

# खतरे में क्यों हैं डॉक्टर

राजू पांडेय

**पिछले पंद्रह वर्षों में भारत के उन्नीस राज्यों में डॉक्टरों एवं अस्पताल कर्मचारियों के साथ होने वाली हिंसा से निपटने के लिए कानून बनाए गए हैं। लेकिन एक आरटीआइ से पता चला कि अधिकांश मामलों में एफआइआर ही दर्ज नहीं हुई। जिन इक्का-दुक्का मामलों में एफआइआर दर्ज भी हुई उनमें या तो समझौता हो गया और मामला अदालत तक नहीं पहुंचा या फिर कोर्ट में आरोपी बरी हो गए।**

डॉक्टरों के प्रति असंतोष और आक्रोशित मरीजों की शाब्दिक और शारीरिक हिंसा कोई नई परिघटना नहीं है। सन् 1892 में अमेरिका की एक प्रसिद्ध शोध पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र 'असॉल्टस अपॉन मेडिकल मैन' की प्रारंभिक पंक्तियां हमें बताती हैं कि डॉक्टरों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति न तो नई है, न ही केवल हमारे देश तक सीमित है। शोध पत्र कहता है कि चिकित्सक कितना ही ईमानदार, कर्त्तव्य परायण और समर्पित क्यों न हो, वह यह दावा नहीं कर सकता कि उसे अनावश्यक आक्रमण, दुर्भावनापूर्ण दोषारोपण, ब्लैकमेल और इलाज के दौरान मरीज को हुए कथित नुकसान के लिए मुकदमों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भारत में डॉक्टरों के साथ हिंसा की घटनाएं पिछले चार साल में ज्यादा बढ़ी हैं। यह हिंसा डॉक्टरों के साथ मारपीट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन पर जानलेवा हमले तक किए गए। अस्पतालों को नुकसान पहुंचाया गया और अन्य मरीजों के जीवन को भी हिंसक भीड़ द्वारा खतरे में डाला गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने 2015 में एक अध्ययन कराया था। इसमें यह सामने आया कि कार्य के दौरान पचहत्तर फीसद डॉक्टरों को हिंसा का सामना करना पड़ा। दिसंबर 2018 में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार 2006 से 2017 के मध्य भारत में डॉक्टरों पर सौ से ज्यादा हमले हुए और इनमें से 2015 एवं 2016 में सत्रह-सत्रह और 2017 में चौदह मामले दर्ज हुए। पिछले पंद्रह वर्षों में भारत के उन्नीस राज्यों में डॉक्टरों एवं अस्पताल कर्मचारियों के साथ होने वाली हिंसा से निपटने के लिए कानून बनाए गए हैं। लेकिन एक आरटीआइ से पता चला कि अधिकांश मामलों में एफआइआर ही दर्ज नहीं हुई। जिन इक्का-दुक्का मामलों में एफआइआर दर्ज भी हुई उनमें या तो समझौता हो गया और मामला अदालत तक नहीं पहुंचा या फिर कोर्ट में आरोपी बरी हो गए। इस तरह डॉक्टरों पर हिंसा के लिए किसी भी दोषी को सजा नहीं मिली।

डॉक्टरों के खिलाफ होने वाली हिंसा के लिए चीन 2010 के बाद से निरंतर चर्चा में रहा है। 'द लैंसेट' पत्रिका ने 2014 में चीन में डॉक्टरों के साथ होने वाली बर्बरता और डॉक्टरों की हत्या की चर्चा की थी। इजराइल में 1999 में किया गया एक अध्ययन यह दर्शाता है कि इमरजंसी में काम करने वाले सत्तर फीसद डॉक्टरों और नब्बे फीसद सहायक कर्मचारियों को हिंसा का शिकार होना पड़ा। अमेरिका में तो 1980-90 के दशक में ही सौ से ज्यादा स्वास्थ्य पेशेवर हिंसा में मारे गए थे। यह आंकड़ा आने वाले दशकों में कमोबेश वैसा ही रहा। ब्रिटेन में हाल ही में छह सौ डॉक्टरों पर किए गए एक सर्वेक्षण में यह पता चला कि इनमें से एक तिहाई को किसी न किसी तरह की हिंसा का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों में भी हालात कुछ जुदा नहीं हैं।




भारत में डॉक्टरों पर होने वाले हमले मरीजों के परिजनों, उनकी मदद के लिए आए बाहुबली की छवि रखने वाले तथाकथित समाजसेवियों या छुटभैये नेताओं-कार्यकर्ताओं द्वारा अंजाम दिए जाते हैं। डॉक्टरों पर होने वाली हिंसा के कारण अनेक हैं। सरकारी अस्पतालों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का घनघोर अभाव रहता है। डॉक्टरों और सहायक कर्मियों की संख्या बहुत कम होती है। लंबी प्रतीक्षा के बाद मरीजों को डॉक्टर तक पहुंचने का अवसर मिलता है। काम के दबाव के कारण डॉक्टर उन्हें पर्याप्त समय नहीं दे पाते। ऐसे में मरीजों के साथ डॉक्टरों का मधुर व्यवहार कैसे संभव हो सकता है? सरकारी अस्पतालों में प्रायः इमरजंसी और आइसीयू में जीवन रक्षक उपकरण खराब होते हैं या समुचित मात्रा में नहीं होते। बिस्तरों की संख्या कम होती है। अनेक प्रकार की जांच और परीक्षणों की सुविधा सरकारी अस्पतालों में न होने के कारण मरीजों को बाहर निजी प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है। मरीजों की देखरेख में कर्मचारियों की लापरवाही के किस्से जगजाहिर हैं। ये सारी परिस्थितियां मरीजों और उनके परिजनों के भीतर असंतोष पैदा कर देती हैं। ऐसे में मामूली-सा विवाद बड़ी घटना का रूप धारण कर लेता है।

स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार और राजनीतिक दखल भी डॉक्टरों के प्रति असंतोष और आक्रोश को बढ़ाने का बड़ा कारण है। सरकारी डॉक्टर तबादले, मनचाहे स्थान पर पदस्थापना और अन्य लाभों के लिए राजनेताओं और अपने आला अधिकारियों की कृपा पर निर्भर होते हैं। ऐसे डॉक्टरों की भी कमी नहीं है जो सरकार में नौकरी करते हुए भी अपने क्लीनिक और नर्सिंग होम चला रहे हैं और मरीजों को अस्पताल के बजाय अपने यहां आने को बाध्य करते हैं। जब ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ असंतोष भड़क उठना स्वाभाविक है।

पिछले तीन-चार साल में अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में अनेक महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। कुछ क्षेत्रों को सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील माना गया है। इनमें इमरजंसी सर्वप्रमुख है जहां कार्य करते हुए सर्वाधिक डॉक्टर हिंसा का शिकार हुए हैं। आइसीयू और उसके आसपास का क्षेत्र, शिशु रोग वार्ड, बिलिंग एरिया और प्रतीक्षालय भी हिंसा के केंद्र रहे हैं। डॉक्टरों ने मरीजों के साथ आने वाले परिजन की संख्या को एक तक सीमित करने का सुझाव दिया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने का सुझाव भी है। प्रत्येक अस्पताल में एक ऐसा सुरक्षित क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है जिसमें हिंसा भड़कने पर खुद को बंद किया जा सके और जहां से पुलिस बल आदि को बुलाया जा सके। इसके अलावा डॉक्टरों और उनके सहायकों को प्रशिक्षण देने की भी जरूरत है, ताकि वे तनावपूर्ण परिस्थितियों का मुकाबला कर सकें। और सबसे बड़ा सुझाव तो यह कि डॉक्टरों और मरीज व उसके परिजनों के बीच बेहतर संवाद हो। अनेक मरीज व उनके परिजन अशिक्षित होते हैं। वे डॉक्टर की बात भी नहीं समझते। ऐसी दशा में स्थानीय भाषा समझने वाले दुभाषिये की मदद से इन्हें इलाज के दौरान अनहोनी की संभावना और संभावित खर्च के विषय में आगाह किया जा सकता है। छोटे कस्बों और गांवों में ग्राम सभाओं और स्थानीय संस्थाओं द्वारा डॉक्टरों पर हमला करने वालों पर जुर्माना आदि लगाया जा सकता है। चीन में डॉक्टरों पर हमले के दोषियों को राज्य की सबसिडी और कल्याणकारी योजनाओं के लाभों से वंचित कर दिया जाता है। ऐसा ही प्रयोग भारत में किया जा सकता है।

भारत रत्न डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय के जन्म एवं निर्वाण दिवस एक जुलाई को मनाए जाने वाले 'डॉक्टर्स डे' के अवसर पर एक चर्चित प्रसंग का उल्लेख प्रासंगिक है। मई, 1933 में जब महात्मा गांधी पूना में इक्कीस दिन के उपवास पर थे। उनकी तबीयत बिगड़ रही थी। तब उनके मित्र और चिकित्सक डॉक्टर बीसी रॉय उन्हें देखने पहुंचे। बापू ने पहले तो दवा लेने से इंकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में बनी हुई नहीं थीं। उन्होंने डॉ बीसी रॉय से कहा- तुम मेरी मुफ्त चिकित्सा करने आए हो, किंतु क्या तुम देश के चालीस करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज दे सकते हो? डॉ रॉय ने उत्तर दिया- नहीं। मैं ऐसा नहीं कर सकता। मैं सबका मुफ्त इलाज नहीं कर सकता। लेकिन यहां मैं मोहन दास करमचंद गांधी का इलाज करने नहीं आया हूं, बल्कि उस व्यक्ति का इलाज करने आया हूं जिसे मैं हमारे देश की चालीस करोड़ जनता का प्रतिनिधि समझता हूं। कहा जाता है कि इस उत्तर को सुन कर बापू ने हथियार डाल दिए और चिकित्सा के लिए सहमत हो गए। दुर्भाग्य से न तो अब बापू जैसे नेता हैं, न डॉ बीसी रॉय जैसे चिकित्सक। 'डॉक्टर्स डे' यह अवसर प्रदान करता है कि इन विभूतियों के बहाने भुलाए जा रहे उदात्त जीवन मूल्यों की महत्ता का स्मरण किया जाए।

# जोड़ने से तोड़ने तक

सतीश खनगवाल

**दुनिया मेरे आगे**

बात बहुत पुरानी नहीं है। नब्बे के दशक में देश में आर्थिक सुधार जारी थे और इसी दौर में हमारे घर में टेलिफोन लगा था। असापास लड्डू बांटे गए थे। गली-मोहल्ले का पहला टेलिफोन था, इसलिए दो-तीन दिन तक पड़ोसियों का तांता लगा रहा। हमारी बैठक के एक कोने में विराजमान टेलिफोन का दर्शन किसी 'देव-दर्शन' से कम नहीं था। जाते समय सभी टेलिफोन नंबर ले जाना नहीं भूलते थे। बातों ही बातों में यह भी कह जाते- 'अगर हमारा कोई फोन आ जाए तो बुला लेना।' उनकी इस बात में आदेश, निवेदन, प्रेम, प्रार्थना, सद्भाव सब कुछ होता था।

ट्रिन-ट्रिन... ! ओह! कितनी मधुर थी वह ध्वनि उन दिनों। सुनते ही मन प्रफुल्लित हो जाता था। घर वालों के साथ-साथ पड़ोसियों तक के कान भी इस ध्वनि पर लगे रहते थे। कमाल की बात यह होती थी कि अपने फोन कम आते थे और पड़ोसियों के ज्यादा। अगल-बगल वालों को तो घर से ही आवाज देकर बुला लेते थे। किसी-किसी परिचित को बुलाने के लिए एकाध किलोमीटर की यात्रा भी करनी पड़ जाती थी। मगर कोई हील-हुज्जत नहीं। कोई नाराजगी या शिकायत नहीं। जिस परिचित के लिए फोन आता था, उसे बुलाने के लिए दौड़ पड़ते थे। सामने वाला भी पूरा उपकार मान कर ऐसे दौड़ा आता था मानो समय पर नहीं पहुंचा तो ट्रेन छूट जाएगी। जो फोन सुनने आते, उन्हें आमतौर पर चाय-नाश्ता भी दिया जाता। लेकिन न कभी पिताजी के चेहरे पर शिकन देखी और ना मां के चेहरे पर झुंझलाहट।

यह केवल मेरे घर की कहानी नहीं है। यह नब्बे के दशक के हर उस घर की कहानी है, जिसमें टेलिफोन होता था। तब टेलिफोन मानवीय रिश्तों की नई कहानी लिख रहा था। अपने तारों से दिलों के तार जोड़ रहा था। वैमनस्य मिटा कर लोगों को करीब ला रहा था। यहां तक कि बिल्कुल अनजान आदमी, जो खराब टेलिफोन ठीक करने आता था, वह भी घर के सदस्य जैसा हो जाता था। टेलिफोन पर बातचीत करना बहुत महंगा होता था, मगर इसने लोगों को आपस में जोड़ दिया था। महीनों तक पहुंचने वालों पत्रों के स्थान पर बस कुछ ही मिनटों में समाचार और कुशलक्षेम अपनों तक पहुंचाने में टेलिफोन ने अपना पूरा योगदान दिया। जब दूर बैठे माता-पिता अपने बच्चों की आवाजें सुनते थे तो उन्हें लगता था कि बच्चे उनके सामने ही हैं और बच्चों को लगता था कि माता-पिता उनके सिर पर हाथ फेर रहे हैं।

धीरे-धीरे तकनीक का विकास हुआ। टेलिफोन का नया अवतार 'मोबाइल' आ गया। नए जमाने का यह छोटा-सा यंत्र घर के किसी कोने की शोभा बढ़ाने वाला नहीं था और न ही किसी तार से जुड़ा हुआ था। एक छोटी-सी चिप के माध्यम से कहीं भी और कभी भी इसका उपयोग आसानी के साथ किया जा सकता था। इसकी उपयोगिता और सुगमता ने इसे लोकप्रिय बना दिया। बड़ी कंपनियों के इस क्षेत्र में कूदने और उनकी आपसी होड़ से न केवल यंत्र सस्ते हुए, बल्कि बातचीत और संदेश भेजने की सुविधा भी सस्ती हो गई। टेलिफोन को अब 'लैंडलाइन' की संज्ञा दे दी गई। आम लोगों की तो क्या बिसात, खुद तकनीक के विशेषज्ञों को पता नहीं चला कि 'दूरसंचार क्रांति' कब 'मोबाइल क्रांति' में बदल गई। आज मोबाइल बातचीत करने या संवाद भेजने का यंत्र मात्र नहीं है, बल्कि सूचनाओं के प्रचार-प्रसार का सबसे सशक्त माध्यम है। किसी भी प्रकार की सूचना, वीडियो, ऑडियो, फोटो आदि तुरंत इससे प्रसारित होते हैं। लोगों को जागरूक बनाने में भी मोबाइल का काफी योगदान है। मोबाइल से अपराधी तक पकड़े जा रहे है। अन्याय, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था के विरुद्ध आम जनता ने मोबाइल के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की है। मगर इस उजले पक्ष के साथ इसका एक स्याह पक्ष भी है। मोबाइल मानवीय रिश्तों में लकीर खींचने का काम कर रहा है।

आजकल सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि मुद्दे सोशल मीडिया के विषय बन गए है और सोशल मीडिया का सबसे बड़ा हथियार मोबाइल ही है। भाई, मित्र, रिश्तेदार, परिचित-अपरिचित, सभी आपस में वाद-विवाद में उलझ गए है। सब अपने-अपने मत और विचारधारा एक-दूसरे पर थोपने लगे हैं। एक-दूसरे को शक की निगाह से देखा जाने लगा है। लोग आनन-फानन में सूचनाएं प्रसारित करते हैं, बिना यह विचार किए कि उनके द्वारा प्रसारित सूचना कितनी सही है और कितनी गलत। गलत सूचनाओं का क्या प्रभाव पड़ सकता है। घर में जितने सदस्य हैं, उससे ज्यादा मोबाइल। व्यक्ति वास्तविक रिश्तों को छोड़ आभासी रिश्तों को मजबूत करने में लगा है।

मोबाइल आज के समय का सबसे आवश्यक और उपयोगी यंत्र है। अगर सावधानी से इसका उपयोग किया जाए तो यह किसी वरदान से कम नहीं। लेकिन अगर इसी प्रकार इसका उपयोग होता रहा तो यह आपसी प्रेम और सद्भाव को निगल जाएगा। रिश्तों की मिठास खत्म कर देगा। आज जब मोबाइल को रिश्तों में दूरी पैदा करते देखता हूं तो बचपन के लैंडलाइन की याद आ जती है।

## चौपाल

### जेल में हिंसा

भारत की जेलों में कैदियों का राज चल रहा है। कैदी बेखौफ होकर जेलों में पार्टियां कर रहे हैं। हैरान करने वाली तो यह है कि जेल के भीतर ही उन्हें नशे का समान, मोबाइल और हथियार आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से जेलों के भीतर ही अपराधियों का नेटवर्क बड़े आराम से काम कर रहा है। देश की ज्यादातर जेलों की हकीकत यही है। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में जेलों में हत्या जैसी घटनाएं सामने आई हैं।

हाल उन्नाव की जेल में एक कैदी पिस्टल लहराता दिखा। लेकिन इस मामले में योगी सरकार के जेल मंत्री ने सफाई दी कि वीडियो में दिख रही पिस्टल मिट्टी की थी। पर सवाल ये है पिस्टल बनाने के लिए सामान कहां से आया? जिस मोबाइल से ये वीडियो बनाया वह जेल में कैदियों के पास तककैसे पहुंचा? लुधियाना सेंट्रल जेल में एक कैदी की मौत के बाद वहां भड़के कैदी हिंसा और आगजनी पर उतर आए और पुलिस सुपरिटेंडेंट की गाड़ी फूंक डाली। ये घटनाएं भारत की जेलों की दुर्दशा बयां कर रही है।

● *राघव जैन, जलंधर*

### पानी बचाओ बनाम बर्बादी!

देश में पानी की बढ़ती किल्लत से आंखें बंद कर लेना बड़ी भूल साबित हो सकती। विकास के दानव ने अपनी प्यास बुझाने के लिए जलाशयों और जंगलों के नामो-निशान मिटा दिए हैं। आकाश से पाताल तक का पानी हमारी पहुंच से दूर होने लगा है। बोतल बंद पानी विलासिता से आगे जीवन रक्षक बूंदों में तब्दील होने को तैयार है। न जाने यह पानी की बेरुखी है या हमारी ज्यादतियों का नतीजा!

जल है तो कल है- इश्तहारों में सिमटा जुमला बन कर रह गया है। पानी बचाओ बनाम बर्बादी की जंग में हमारी हार तय है। बदलती दुनिया की तासीर और बढ़ती आबादी से पानी की जरूरतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी होना लाजिमी है। पानी का विकल्प देने के लिए सरकारों के पास कोई पक्की योजना नहीं है। ऐसा न हो कि पानी दबंगों की मिल्कियत बन कर रह जाए और हम दो घूंट के लिए दम तोड़ दें।

● *एमके मिश्रा, रांची*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

### असुरक्षित महिलाएं

किसी भी देश की वास्तविक प्रगति का आकलन उसकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और अपराध की दर के आधार पर किया जाता है। भारत को दुनिया में सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था कहा जाता है। लेकिन दूसरी और भारत देश को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश की सूची में रखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले कुछ सालों में तो महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न एवं हिंसा के मामले तेजी से बढ़े हैं। थॉमसन रूटर फाउंडेशन की रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक देश की सूची में रखा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बलात्कार, यौन उत्पीड़न, दहेज और तेजाब फेंकने के मामलों में चालीस फीसद का इजाफा हुआ है। ऐसा नहीं हैं कि ये अपराध केवल भारत में ही हो रहे हैं, बल्कि दुनिया के अनेक देशों में महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं। लेकिन हाल के दिनों में बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ीं और मानव तस्करी में महिलाओं की खरीद-फरोख्त के मामले सामने आए, वे घृणास्पद हैं। इस तरहके अपराधों से देश की पुलिस एवं कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 1971 से अब तक महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1255 फीसद की वृद्धि हुई है। इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए सरकार ने नियमों को कठोर भी बनाया, लेकिन उन नियमों को सरकारों ने सही तरीके से लागू नहीं किया। सवाल है कि जिस देश के महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, वहां महिला सशक्तिकरण सही मायने में नहीं लाया जा सकता और देश प्रगति नहीं कर सकता

● *निशांत महेश त्रिपाठी, नागपुर*

### संकट में किसान

किसान दिन-रात खेती करता है, अनाज उगाता है, बेचता है और जो पैसे मिलते हैं उससे पेट पालता है। खेती के लिए वह कर्ज भी ले लेता है। ज्यादातर मामलों में कर्ज नहीं चुका सकने वाले किसान खुदकुशी कर लेते हैं। हाल में महाराष्ट्र सरकार ने इस बात को विधानसभा में कबूला कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र के साथ समूचे देश में बड़े-बड़े किसान आंदोलन हुए। उनकी प्रमुख मांग थी कि दूध, गन्ना और बाकी फसलों को उचित समर्थन मूल्य मिलें। महाराष्ट्र में खेती की समस्या ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। पानी न होने के कारण राज्य सरकार ने अकाल घोषित किया है। दूसरी ओर गन्ना, प्याज और बाकी फसलों की पैदावार ज्यादा होने से उन्हें उचित दाम नहीं मिल रहा है। सवाल है ऐसे में किसानों का संकट कैसे दूर होगा।

● *प्रियंबदा गोरखपुर, उत्तर प्रदेश*

### हत्या और सवाल

हाल में अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत में धार्मिक भेदभाव बढ़ने का आरोप लगाया। हमारे विदेश विभाग के प्रवक्ता ने तत्काल प्रभाव से इन आरोपों को खारिज कर दिया। मगर अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी भारत यात्रा के दौरान हमारे विदेश मंत्री के सामने भारत को धार्मिक अधिकारों का पालन करने की नसीहत दे डाली। लेकिन सवाल है कि क्या अमेरिकी रिपोर्ट को खारिज कर देने भर से ये आरोप गलत साबित हो जाएंगे? भीड़ तंत्र के हाथों मौत की सजा देने की प्रथा भारत में चल पड़ी है। ताजा घटना झारखंड में तबरेज अंसारी की हत्या का है जिसे भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला था। सिर्फ झारखंड में ही पिछले तीन वर्षों में भीड़ ने ग्यारह लोगों को मौत के घाट उतार दिया। अगर सबसे बड़ा लोकतंत्र और कानून एवं संविधान से चलने वाले देश का यह हाल रहेगा तो अमेरिका क्या कोई भी भारत पर अंगुली उठा सकता है। किस-किस के आरोपों को हम खारिज करते रहेंगे?

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

# उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के छात्र पहनेंगे खादी की पोशाक

## चार जिलों के छह ब्लॉकों के प्राथमिक स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट लागू

लखनऊ, 30 जून (भाषा)।

नेताओं की पहचान बन चुकी खादी अब उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों की यूनिफार्म भी बनेगी । फिलहाल, मौजूदा सत्र में चार जिलों के छह ब्लॉकों के प्राथमिक स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे लागू किया गया है।

इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल हो जाने के बाद अगले साल से इसे पूरे प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा और सभी बच्चे खादी निर्मित यूनिफार्म में नजर आएंगे।

उप्र के खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने रविवार को विशेष बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के चार जिलों–लखनऊ, सीतापुर, बहराइच तथा मिर्जापुर में प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को खादी की ड्रेस आपूर्ति करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में खादी संस्थाओं को समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं।' सरकार प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हर साल दो सेट स्कूल ड्रेस उपलब्ध करवाती है। इस बार पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार जिलों के छह ब्लॉक में बेसिक शिक्षा विभाग ने खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड को यूनिफॉर्म आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी है।

सहगल ने कहा कि इस व्यवस्था से खादी संस्थाओं को लाभ होगा। इससे खादी का जहां उत्पादन बढ़ेगा, वहीं लोगों को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पर भी सुलभ होंगे। दरअसल, सरकार की नजर इस कदम के जरिए खादी विभाग की आर्थिक स्थिति सुदृढ़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने पर भी है।

सरकार प्रत्येक जिले में खादी के बिक्री स्टोर खोलने के लिए बेरोजगार युवक–युवतियों से आवेदन आमंत्रित करेगी। उप्र की खादी को देश–विदेश में विशिष्ट पहचान के लिए खादी उप्र का अलग लोगो तैयार कराया जाएगा। इस संबंध में विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने योजना तैयार कर सरकार के समक्ष पेश की है।

खादी विभाग के अनुसार उप्र की खादी को ब्रांड बनाने के लिए खादी ग्रामोद्योग की यूनिटों में तैयार वस्त्रों और अन्य उत्पादों को ऑनलाइन मार्केटिंग के लिए ई कामर्स वेबसाइट अमेजन इंडिया, फ्लिपकार्ट से भी जोड़ा गया है और कई अन्य कंपनियों से भी संपर्क किया जा रहा है ।

गौरतलब है कि पिछले दिनों खादी विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा भी था कि व्यापक स्तर पर बच्चों को अगर खादी विभाग यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाए तो इससे जहां अच्छी गुणवत्ता की यूनिफॉर्म बच्चों को मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



श्रीनगर की डल झील में सूर्यास्त के समय शिकारे।

## ईडी के समन के बाद भाजपा ने कर्नाटक के मंत्री से मांगा इस्तीफा

बंगलुरु, 30 जून (भाषा)।

भाजपा ने रविवार को कर्नाटक के मंत्री बीजेड जमीर खान के इस्तीफे की मांग की। दरअसल, कुछ दिन पहले आइएमए समूह के पोंजी घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खान को समन भेजा है।

पार्टी की राज्य इकाई की महासचिव शोभा करंदलाजे ने आरोप लगाया कि मंत्री खान फरार चल रहे आइएमए समूह के प्रबंध निदेशक मोहम्मद मंसूर खान को बचाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि जब तक वे मंत्री पद पर हैं तब तक इस मामले में निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईडी का नोटिस मिलने के बाद, निष्पक्ष जांच के लिए वह जमीर अहमद खान के इस्तीफे की मांग करती हैं।

# कड़ी सुरक्षा में अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना

## यात्रा शुरू, अब तक डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने कराया पंजीयन

जम्मू, 30 जून (भाषा)।

अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच 2,234 श्रद्धालुओं का पहला जत्था यहां के एक आधार शिविर से रविवार को रवाना हुआ। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली है।

अब तक देश भर से करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने 46 दिन चलने वाली यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। यह यात्रा अनंतनाग जिले के 36 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदेरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से होती है।

राज्यपाल के सलाहकार के के शर्मा ने आज तड़के यहां के भगवती नगर आधार शिविर से तीन मोटरसाइकल समेत 93 वाहनों के पहले काफिले को कश्मीर के लिए रवाना किया, जिनमें श्रद्धालु सवार थे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सुचारु यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर दिए गए हैं।

यह यात्रा सोमवार को कश्मीर के दोहरे मार्गों से आधिकारिक रूप से शुरू होगी और यह 15 अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर समाप्त होगी। अधिकारियों ने बताया कि 17 बच्चों समेत कुल 2,234 श्रद्धालु नूनवां–पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हो गए।

एक ओर जहां 130 महिलाओं, सात बच्चों एवं 45 साधुओं समेत 1228 श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है वहीं दूसरी ओर 203 महिलाएं एवं 10 बच्चों समेत 1,006 श्रद्धालु बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे रविवार तक अपने अपने आधार शिविरों तक पहुंच जाएंगे और यात्रा के लिए रवाना होने से पहले रात भर आधार शिविर में रुकेंगे।

## पर्यटन स्थल पटनीटॉप में केबल कारों का काम पूरा

जम्मू, 30 जून (भाषा)।

जम्मू–कश्मीर में कभी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय रहे पटनीटॉप को फिर से पर्यटन के नक्शे पर लाने के लिए यहां केबल–कार (रोप–वे) शुरू किया जा रहा है।

जम्मू में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2.8 किलोमीटर लंबी इस पर्यावरण हितैषी परियोजना के लिए 15 साल पहले योजना बनाई गई थी। पीपीपी मॉडल के तहत 150 करोड़ रुपए की लागत से एम्पिरियन स्काईव्यू प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने फ्रांस की एक कंपनी के साथ मिलकर महज ढाई साल में इसे पूरा किया है।

बेहद चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के बावजूद इस रोप–वे का काम पूरा हो चुका है, स्थानीय लोगों, छात्रों और अन्य लोगों के साथ इसका परीक्षण भी पूरा हो गया है। इसे किसी भी वक्त पर्यटकों के लिए खोला जा सकता है।

स्काईव्यू के प्रबंध निदेशक सैयद जुनैद अल्ताफ ने बताया कि हम इसे शुरू करने के लिए तैयार हैं.. बस सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार है... यकीन है कि इस केबल–कार (रोप–वे) की शुरूआत से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उधमपुर जिले में समुद्र तल से 6,640 फुट की ऊंचाई पर स्थित पटनीटॉप एक समय में पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय था। लेकिन जम्मू–श्रीनगर राजमार्ग पर चेनानी–नशारी सुरंग वाला रास्ता बनने के बाद यहां पर्यटकों की आवक कम हो गई।

इस रोप–वे का निचला हिस्सा संगेत में है जबकि ऊपरी हिस्सा पटनीटॉप में। चेनानी–नशारी सुरंग से यह महज तीन किलोमीटर की दूरी पर है, ऐसे में लोग आसानी से रोप–वे तक पहुंच सकते हैं।




जम्मू आधार शिविर से रविवार को रवाना होते पहले जत्थे के अमरनाथ यात्री शिव का जयकारा लगाते हुए।

# स्वर्ण जयंती पर राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी 200 से अधिक लेखकों को करेगी सम्मानित

जयपुर, 30 जून (भाषा)।

राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी अगले महीने अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती पर आयोजित समारोह में 200 लेखकों को सम्मानित करेगी। स्थापना की 50वीं वर्षगांठ पर अकादमी तीन ऐसे लेखकों को प्रज्ञा पुरस्कार से भी सम्मानित करेगी, जिनकी रचनाओं के 15 से ज्यादा संस्करण आ चुके हैं।

अकादमी के निदेशक डॉ. बीएल सैनी ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह में पुस्तक 'राजस्थान का भूगोल' के लेखक हरी मोहन सक्सेना, 'सौंदर्य शास्त्र' की लेखक ममता चतुर्वेदी, 'भारतीय चित्रकला और मूर्ति कला का इतिहास' की लेखिका रीता प्रताप को प्रज्ञा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रज्ञा पुरस्कार के तहत 51–51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी।

सैनी ने बताया कि राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी द्वारा 1969 से अब तक कुल 660 पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018–19 में अकादमी ने तीन करोड़ 71 लाख रुपए की पुस्तकों की बिक्री का कीर्तिमान स्थापित किया है।

इसमें से करीब 60 लाख रूपए लेखकों को रायल्टी के रूप में दिए गए हैं। पारर्दिशता बनाए रखने के लिए रायल्टी का भुगतान आनलाइन किया जा रहा है। इसका ब्योरा अकादमी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बिकने वाली पुस्तकों में राजस्थान का भूगोल (20 हजार पुस्तक), राजस्थान का इतिहास कला संस्कृति (आठ हजार पुस्तक) और राजस्थान की सांस्कृतिक परंपरा (पांच हजार पुस्तक) शामिल हैं।

सैनी ने बताया कि अकादमी पुस्तकों के मानकीकरण का कार्य भी करेगी। जिन पुस्तकों की लोकप्रियता में लगातार वृद्दि हो रही है उनका मानकीकरण किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार से भी सहयोग मांगा जाएगा।

## राजस्थान : पूर्वी हिस्से में बारिश, पश्चिमी हिस्से में लू का प्रकोप

जयपुर, 30 जून (भाषा)।

राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी हिस्सों के एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और एक–दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई तो वहीं पश्चिमी हिस्सों के कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान में वृद्दि के साथ लू का प्रकोप रहा।

मौसम विभाग के प्रवक्ता के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के कोटा हवाईअड्डे पर नौ सेंटीमीटर, धौलपुर के बाडी में दो सेंटीमीटर, सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में दो सेंटीमीटर, बूंदी के तालेडा में दो सेंटीमीटर और अन्य कई स्थानों पर एक सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। वहीं रविवार की सुबह से शाम तक कोटा में 2.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि चुरू में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 43.8, बीकानेर में 43.4, जैसलमेर में 42.2, जयपुर में 41.7, बाडमेर में 41.6, जोधपुर में 40.8, अजमेर में 40.6, डबोक में 35.2 और कोटा में 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 22.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान एक दो स्थानों पर 30–40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और पूर्वी हिस्सों के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

## योगी ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने पर प्रियंका गांधी पर साधा निशाना

सहारनपुर, 30 जून (भाषा)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेर रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि यह 'अंगूर खट्टे हैं' का मामला है।

योगी ने प्रियंका पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कानून व्यवस्था व अन्य मुद्दों पर ट्वीट करके मेरी सरकार को घेरने की कोशिश कर रही हैं लेकिन दरअसल यह मामला 'अंगूर खट्टे हैं' का है।

उन्होंने कहा कि प्रियंका की पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव हार गए इसलिए दिल्ली, इटली या इंग्लैंड मे बैठकर सुर्खियों में रहने के लिए वह कुछ न कुछ टिप्पणी तो करेंगी ही। गौरतलब है कि प्रियंका ने शनिवार को प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरते हुए कहा था कि आए दिन आपराधिक वारदात हो रही हैं लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। क्या सरकार ने अपराधियों के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है? योगी ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आया है। अच्छी कानून व्यवस्था के चलते हमारा प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बना है और यहां भारी मात्रा में निवेश हो रहा है।

## लापरवाही बरतने पर अस्पताल के दो कर्मचारी बर्खास्त

जबलपुर (मप्र), 30 जून (भाषा)।

जबलपुर के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दो कर्मचारियों को काम में लापरवाही बरतने पर नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ नवनीत सक्सेना ने रविवार को बताया कि अस्पताल प्रशासन को मिली एक वीडियो क्लिप के आधार पर एक वार्ड ब्वॉय और एक सुरक्षा गार्ड को सेवा से बर्खास्त किया गया है। इस कथित वीडियो में दोनों कर्मचारी एक मरीज को एक्स रे रुम तक बेडशीट में घसीटते हुए ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# जीएसटी नहीं भरने और रिटर्न में खामी होने पर भेजे जा रहे हैं एसएमएस

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने एक ऐसी प्रणाली विकसित की है जिसमें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान नहीं करने, रिटर्न दाखिल करने में किसी खामी या कंपनियों द्वारा आइटीसी दावे में अंतर होने की स्थिति में प्रवर्तकों, निदेशकों और मालिकों को स्वतः तरीके से एसएमएस भेजा जा रहा है। जीएसटीएन के मुख्य कार्यकारी प्रकाश कुमार ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जब जीएसटी प्रणाली में किसी तरह की चेतावनी भरा सचेत करने वाला संकेत भेजा जाता है, तो इसे राजस्व विभाग को भी साझा किया जाता है जिससे कर अधिकारी उचित कदम उठा सकें। कुमार ने कहा, 'जब भी जीएसटीआर– 3बी और जीएसटीआर–एक, जीएसटीआर–3बी और ई–वे बिल में किसी तरह का अंतर होता है तो न सिर्फ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं को बल्कि कंपनी के प्रवर्तकों और निदेशक मंडल में शामिल निदेशकों को भी सतर्क करने वाला चेतावनी संकेत भेजा जाता है। यह अलर्ट रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख के बाद तीन दिन में भेजा जाता है।'

> कारोबार के प्रवर्तकों और निदेशकों को एसएमएस के जरिये सतर्क किया जाता है ताकि गलती को सुधारा जा सके, क्योंकि कई बार उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि अधिकारियों ने समय पर और सही रिटर्न दाखिल किया है या नहीं।

प्रणाली के स्तर पर स्वतः ही सृजित होने वाले इन लाल झंडी वाले सतर्क करने वाले पांच संकेतकों में कर भुगतान में चूक और जीएसटीआर–3बी दाखिल नहीं करना, आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दायर रिटर्न पर कंपनियों द्वारा इनपुट कर क्रेडिट (आइटीसी) दावे में मेल नहीं होना शामिल है।

इसके अलावा जीएसटीआर–3बी (संक्षिप्त रिटर्न) और जीएसटीआर–एक (आपूर्ति रिटर्न) में खामी, ई–वे बिल निकालना लेकिन रिटर्न दाखिल नहीं करना आदि में भी रिटर्न भेजा जाता है। प्रणाली में चेतावनी के एक बार जनरेट होने के बाद मासिक वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) रिटर्न दाखिल करने की निर्धारित तिथि के तीन दिन बाद कंपनी के प्रवर्तकों और निदेशकों को एमएमएस भेजा जाता है। कारोबार के प्रवर्तकों और निदेशकों को एसएमएस के जरिये सतर्क किया जाता है ताकि गलती को सुधारा जा सके, क्योंकि कई बार उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि अधिकारियों ने समय पर और सही रिटर्न दाखिल किया है या नहीं।

## जून में बारिश सामान्य से 33 फीसद कम रही

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

देश में जून महीने में बारिश सामान्य से 33 फीसद कम दर्ज की गई है। मौसम विभाग के 28 फीसद उपमंडलों में बारिश में कमी दर्ज की गई है और पांच उपमंडलों में बारिश सामान्य रही है।

हालांकि, मानसून के इस सप्ताह और अधिक सक्रिय होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अपर महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है जिससे मध्य भारत सहित ओड़ीशा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है। महापात्रा ने कहा कि उत्तर भारत के हिस्सों दिल्ली, पंजाब और हरियाणा को इस कम दबाव के क्षेत्र से कोई फायदा नहीं मिलेगा और इस बात की संभावना क्षीण है कि इन राज्यों में इस वजह से बारिश होगी।

तीस जून तक मानसून उत्तर भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर पूरे देश में पहुंच चुका है। इसने अभी दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में दस्तक नहीं दी है।

## साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता, असम आंदोलन के शहीदों के परिवार को एनआरसी से बाहर रखा गया

गुवाहाटी, 30 जून (भाषा)।

साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता दुर्गा खाटीवाडा और असम आंदोलन की पहली महिला शहीद बैजयंती देवी के परिवार के सदस्यों को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के पूर्ण मसौदे से बाहर रखा गया है। यह जानकारी रविवार को गारेखाओं के एक संगठन ने दी। संगठन ने बताया कि उनके अलावा स्वतंत्रता सेनानी छबीलाल उपाध्याय की प्रपौत्री मंजू देवी को एनआरसी की ताजा प्रक्रिया से बाहर रखा गया है।

भारतीय गोरखा परिसंघ के राष्ट्रीय सचिव नंदा किराती देवान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीनों मामले गोरखाओं से जुड़े हुए हैं और एनआरसी प्रक्रिया से उन्हें बाहर रखकर समुदाय का अपमान किया गया है और अगर इस मामले का समाधान नहीं किया गया तो इसे अदालत में ले जाया जाएगा। देवान ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और असम आंदोलन के शहीदों के परिजनों को एनआरसी से बाहर रखकर उनका अपमान किया गया है। यह न केवल गोरखाओं का अपमान है बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों का भी अपमान है। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन ने अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने को लेकर 1979 से छह सालों तक असम आंदोलन चलाया था।

इसी कारण 15 अगस्त 1985 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौजूदगी में असम समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता और असम नेपाली साहित्य सभा की अध्यक्ष दुर्गा खाटीवाडा का नाम एनआरसी अधिकारियों के जरिए 26 जून को जारी निष्कासन सूची में शामिल है।

बैजयंती देवी के पिता अमर उपाध्याय ने कहा कि उनके प्रपौत्रों व उनकी मां निर्मला देवी का नाम भी निष्कासन सूची में शामिल है। देवान ने कहा कि असम में कांग्रेस के संस्थापक और स्वतंत्रता सेनानी छबीलाल उपाध्याय की प्रपौत्री मंजू देवी का नाम भी सूची से बाहर है।

# भारतवंशी सीनेटर कमला हैरिस बनीं नस्ली निशाना

वाशिंगटन, 30 जून (भाषा)।

अमेरिका में भारतीय मूल की पहली सीनेटर कमला हैरिस को 'अमेरिकी अश्वेत नहीं होने' को लेकर आनलाइन निशाना बनाया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह दावा किया गया है।

हैरिस (54) डेमोक्रेटिक पार्टी के उन नेताओं में शामिल हैं, जिनकी नजर 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव पर है। इसमें जीतने पर वह वाइट हाउस में पहुंचने वाली पहली महिला होंगी। हैरिस की मां एक भारतीय, जबकि पिता जमैका के रहने वाले थे। अमेरिका में वे दोनों प्रवासी थे।

अमेरिका की आबादी में एक फीसद लोग भारतीय मूल के अमेरिकी हैं और यह देश में सबसे तेजी से बढ़ रहा अल्पसंख्यक वर्ग है। सीएनएन की खबर में कहा गया है कि कैलीफोर्निया से सीनेटर हैरिस को जन्म स्थान से जुड़े मुद्दों को लेकर निशाना बनाया गया है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी इसी तरह के नस्ली हमलों का सामना करना पड़ा था।


राष्ट्रपति पद पर आसीन होने से पहले डोनाल्ड ट्रंप (मौजूदा राष्ट्रपति) सहित कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने जन्म स्थान से जुड़े मुद्दे (बर्थरिज्म) को बढ़ावा दिया था। दरअसल, यह अमेरिका में चला एक अभियान था जो

● खुद की पहचान एक अफ्रीकी-अमेरिकी के तौर पर बताने वाले व्यक्ति ने ट्वीट किया, 'कमला हैरिस एक अमेरिकी अश्वेत नहीं हैं। वह आधी भारतीय और आधी जमैकन हैं।'

(पूर्व राष्ट्रपति) बराक ओबामा के जन्म से ही अमेरिकी नागरिक होने पर संदेह जताता है या इससे इनकार करता है। इसलिए राष्ट्रपति पद के लिए उनके अयोग्य होने की बात कही गई थी। वह एक मात्र ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति थे जिनका जन्म अमेरिकी प्रांतों के बाहर हुआ था।

खुद की पहचान एक अफ्रीकी-अमेरिकी के तौर पर बताने वाले व्यक्ति ने गुरुवार को ट्वीट किया, 'कमला हैरिस एक अमेरिकी अश्वेत नहीं हैं। वह आधी भारतीय और आधी जमैकन हैं।' द न्यूयार्क टाइम्स की खबर के मुताबिक दक्षिणपंथी शख्सियत अली एलेक्जेंडर का यह ट्वीट वायरल हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने भी इसे रीट्वीट किया।

ट्रंप जूनियर ने रीट्वीट कर अपने 30 लाख से अधिक फॉलोवर से पूछा, 'क्या यह सच है? वाह।' हैरिस की चुनाव प्रचार निर्देशक लिली एडम्स ने इस नस्ली हमले को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप सहित अन्य लोग ओबामा के जन्म स्थान के बारे में सवाल करने के लिए इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। ओबामा का जन्म हवाई में हुआ था। एडम्स ने सीएनएन से कहा कि यह उसी तरह का नस्ली हमला है, जैसा उनके पिता (ट्रंप) बराक ओबामा पर किया करते थे।



हांगकांग में रविवार को विधायिका परिसर के बाहर प्रदर्शन करते चीन समर्थक।

## इजराइल ने फलस्तीनी मंत्री को हिरासत में लिया

यरुशलम, 30 जून (एएफपी)।

इजराइली पुलिस यरुशलम मामलों के फलस्तीनी मंत्री फदी अल-हदामी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है।

इजराइली पुलिस के प्रवक्ता मिकी रोसेनफिल्ड ने रविवार को बताया कि 'यरुशलम में (संदिग्ध) गतिविधियों' को लेकर अल-हदामी को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। चिली के राष्ट्रपति के साथ यरुशलम स्थित अल-अक्सा मस्जिद जाने को लेकर संभवतः उन्हें हिरासत में लिया गया।

फलस्तीनी मंत्री मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति सबैस्टियन पिनेरा के साथ अल-हदामी अल-अक्सा गए थे। इजराइल इससे बहुत नाराज है और उसका कहना है कि यह राष्ट्र प्रमुख की यात्राओं को लेकर चिली के साथ किए गए करार का उल्लंघन है। वेर्स्टन वॉल पर स्थित अल-अक्सा को यहूदी टेम्पल माउंट के रूप में जानते हैं।

यह इजराइल-फलस्तीन के बीच विवाद का सबसे संवेदनशील मुद्दा है। चिली ने बाद में कहा कि पिनेरा की यात्रा निजी थी और अल-हदामी की मौजूदगी आधिकारिक प्रोटोकॉल का हिस्सा नहीं है।

## अफगानिस्तान में तालिबान के हमले में 19 मरे

कंधार, 30 जून (भाषा)।

दक्षिण अफगानिस्तान में एक जिला केंद्र को निशाना बना कर किए गए तालिबान के हमले में देश के चुनाव आयोग के आठ कर्मचारियों सहित 19 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में 18 वर्ष लंबे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच कतर में चल रही वार्ता का रविवार को दूसरा दिन था।

**अफगानिस्तान में 18 वर्ष लंबे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच कतर में चल रही वार्ता का रविवार को दूसरा दिन था**

दक्षिण कंधार प्रांत के एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने विस्फोटक से भारी चार गाड़ियां शनिवार रात मारूफ जिला केंद्र से टकरा दीं। कासिम अफगान ने बताया कि इसमें 11 पुलिसकर्मी मारे गए और 27 लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान के इंडीपेंडेंट इलेक्शन कमीशन के प्रवक्ता जबीउल्ला सदात ने बताया कि सितंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदाताओं का नाम दर्ज करने के लिए केंद्र में रुके आयोग के आठ कर्मचारी भी इस हमले में मारे गए। अफगानिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव में दो बार विलंब हो चुका है और अब यह 28 सितंबर को होना है। तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

तालिबानी प्रवक्ता ने ट्वीट कर कहा कि लड़ाकों ने जिला केंद्र कर कब्जा कर लिया है और सुरक्षा बल के 57 जवानों की हत्या कर दी है। हालांकि, अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने इन दावों को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 25 चरमपंथी मारे गए हैं। राष्ट्रपति अशरफ गनी ने हमले की निंदा करते हुए इसे 'बर्बर और अक्षम्य' बताया। तालिबान का देश के लगभग आधे हिस्से पर कब्जा है।

## पाकिस्तान के पंजाब में 21 आतंकी गिरफ्तार

लाहौर, 30 जून (भाषा)।

पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के तहत पंजाब प्रांत में पिछले एक महीने में इस्लामिक स्टेट (आइएस), लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा, 'मुल्तान, बहावलनगर, बहावलपुर, टोबा टेक सिंह, गुजरांवाला और सियालकोट में पिछले एक महीने में कार्रवाई के दौरान दाएश (आइएस), एलईजे और टीटीपी से जुड़े 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक, विभिन्न स्थानों के नक्शे और बड़ी मात्रा में धन बरामद किया गया है।



मास्को के बाहरी इलाके अलाबिनो में इंटरनेशनल मिलिट्री टेक्नीकल फोरम आर्मी के अभ्यास के दौरान राकेट दागता रूस का मल्टीप्ल राकेट लांचर।

### बिहार के अनाथालय से गोद ली गई तीन साल की बच्ची शिरीन की हत्या का मामला

## सौतेले पिता ने बाइबिल की कहानी का लिया सहारा

ह्यूस्टन, 30 जून (भाषा)।

बिहार के नालंदा जिले के अनाथालय से गोद ली हुई तीन साल की बेटी की हत्या के मामले में भारतीय अमेरिकी नागरिक ने अपनी आजीवन कारावास की सजा कम कराने के लिए अदालत से अनोखी अपील करते हुए कहा कि उसे यकीन था कि बच्ची मरी नहीं है। उसका मानना था कि अगर उसे उसके घर के पास दफनाया गया तो वह जीवित हो जाएगी जैसा कि ईसाई पवित्र धर्म ग्रंथ बाइबिल में वर्णित चरित्र लाजरस का है जो मर कर एक बार फिर जीवित हो गया था।

अमेरिका में डलास की अदालत ने भारतीय बच्ची शिरीन मैथ्यूज की 2017 में हुई मौत के मामले में उसके भारतीय-अमेरिकी सौतेले पिता वेस्ली मैथ्यूज (39) को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कुल 12 सदस्यों वाली ज्यूरी ने तीन घंटे की सुनवाई के बाद एकमत होकर यह निर्णय दिया था। मैथ्यूज को सोमवार को शिरीन की मौत के मामले बच्चे को चोट पहुंचाने के मामले में दोषी ठहराया गया। हालांकि शुरुआत में टेक्सॉस पुलिस ने मौत की सजा देने की मांग की थी। पुलिस को इस बच्ची का शव बहुत ही अधिक सड़ी गली अवस्था में उसके घर के निकट बहने वाली नहर के पास से बरामद किया था। पुलिस को इस तलाश में 15 दिन तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी।

मैथ्यूज ने शुरू में पुलिस को बताया कि शिरीन सात अक्तूबर, 2017 से गायब है।

**बच्ची को बिहार के नालंदा जिले से 2016 में मैथ्यूज और उसकी पत्नी सिनी मैथ्यूज ने एक अनाथालय से गोद लिया था। इस बच्ची का मूल नाम सरस्वती था जिसे बाद में बदल कर शिरीन कर दिया गया था।**

उसने बताया कि दूध नहीं पीने की सजा देते हुए उसने शिरीन को घर से बाहर खड़ा कर दिया था और जब 15 मिनट बाद वह वापस आया तो पाया शिरीन वहां नहीं थी। उसने बाद में स्वीकार किया कि जबर्दस्ती दूध पिलाने से दम घुटने के कारण बच्ची की मौत हो गई थी। इस बच्ची को बिहार के नालंदा जिले से 2016 में मैथ्यूज और उसकी पत्नी सिनी मैथ्यूज ने एक अनाथालय से गोद लिया था। इस बच्ची का मूल नाम सरस्वती था जिसे बाद में बदल कर शिरीन कर दिया गया था।

डलास के वाफा चैनल ने मैथ्यूज का बयान प्रसारित किया है जिसमें वह अदालत से कहता है कि वह यह मानने को तैयार नहीं कि शिरीन मर चुकी है। उसे भरोसा है कि अगर उसे निकट ही दफनाया जाए तो बाइबिल के लाजरस की तरह वापस आ जाएगी। लाजरस बाइबिल में पात्र है जिसे ईसा मसीह ने उसे दफनाने के चार दिन बाद जीवित कर दिया था।

शिरीन का पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों ने कहा कि उन्हें इस बात का पता नहीं चल सका कि शिरीन की मौत की क्या वजह है क्योंकि उसका शव बहुत अधिक सड़ गल गया था। मैथ्यूज की पत्नी सिनी को बच्ची का जीवन खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था। बाद में सुबूत न मिलने के कारण ये आरोप हटा लिए गए। अमेरिकी मीडिया के अनुसार मैथ्यूज 30 साल की सजा काटने के बाद ही पेरोल पाने का हकदार होगा।

## मेरी पुत्री की हत्या के आरोपी को हथकड़ी लगाकर अदालत में पेश करो : ब्रिटिश महिला

पणजी, 30 जून (भाषा)।

गोवा में दो वर्ष पहले जिस ब्रिटिश युवती की कथित रूप से हत्या कर दी गई थी, उसकी मां ने मांग की है कि मामले में आरोपी को हथकड़ी लगाकर अदालत लाया जाए। यह मांग राज्य में हाल में हुई उन दो घटनाओं के मद्देनजर की गई है जिसमें बलात्कार मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस की हिरासत से फरार हो गए थे।

एंड्रिया ब्रैनिगन की पुत्री डेनियल मैकलाफलिग (28) जून, 2017 में दक्षिण गोवा जिले में समुद्र तट के पास मृत मिली थी। एंड्रिया ब्रैनिगन ने रविवार को मामले के आरोपी विकट भगत की बिना हथकड़ी लगाए मडगांव नगर स्थित अदालत में लाते हुए तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल पर डाली थी। ब्रैनिगन ने ट्वीट किया, 'मेरी पुत्री की हत्या मामले के आरोपी को बिना हथकड़ी लगाए गोवा की अदालत में ले जाते हुए, तो वह आसानी से फरार हो सकता है जैसा कि गोवा में बलात्कार के दो मामलों के दो संदिग्ध पिछले छह महीनों में फरार हो चुके हैं।'

उन्होंने अन्य ट्वीट में लिखा, 'मेरी पुत्री की हत्या मामले के आरोपी को कोई हथकड़ी नहीं लगी है, ऐसा होने से रोकने के लिए सभी गंभीर अपराधों के कैदियों को हथकड़ी लगाई जानी चाहिए।' गत शुक्रवार को गत वर्ष गोवा में एक अन्य ब्रिटिश महिला से बलात्कार का एक अन्य आरोपी उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जब उसे उत्तर गोवा जिले के कोलवाले स्थित केंद्रीय जेल से मडगांव स्थित अदालत लाया जा रहा था।

गत वर्ष दिसंबर में दक्षिण गोवा में सामूहिक बलात्कार के मामले में आरोपी एक अन्य व्यक्ति उस समय पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था जब उसे एक चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाया जा रहा था। संपर्क किए जाने पर गोवा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार आरोपी को तब तक हथकड़ी नहीं लगाई जा सकती जब तक इस बारे में विशिष्ट खतरा हो कि वह पुलिस हिरासत से फरार हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'फरार होने की कुछ घटनाएं होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं लेकिन कार्रवाई की गई है और आरोपियों को ले जा रहे पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।'

## राजस्थान पुलिस के नए महानिदेशक भूपेंद्र यादव

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 30 जून।

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डाक्टर भूपेंद्र सिंह यादव को राजस्थान पुलिस का नया महानिदेशक बनाया गया है। राज्य के डीजी पुलिस कपिल गर्ग रविवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं और उनकी जगह पर यादव को जिम्मेदारी दी गई है। महानिदेशक गर्ग को रविवार को यहां पुलिस की तरफ से विदाई दी गई।

नए महानिदेशक बनाए गए डाक्टर यादव मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं और 1986 बैच के आइपीएस अफसर हैं। यादव सोमवार को अपना नया पद संभालेंगे। यादव अभी प्रदेश की एटीएस के महानिदेशक हैं। राज्य सरकार ने नए महानिदेशक के पद का आदेश शनिवार देर रात को जारी किया था। इससे पहले सरकार ने नियमों के हिसाब से संघ लोक सेवा आयोग को संभावित अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था। आयोग ने तीन नामों का पैनल मंजूर कर उसे राज्य सरकार को भेजा। इसके बाद ही सरकार ने देर रात डाक्टर यादव को पुलिस महानिदेशक बनाने का आदेश जारी किया।

राजस्थान पुलिस अकादमी में रविवार को मौजूदा महानिदेशक कपिल गर्ग का विदाई समारोह हुआ। गर्ग ने कहा कि उन्होंने पुलिस में जनता के बीच पैठ बढ़ाने की दिशा में काम किया। इसके लिए उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया। प्रदेश में कानून व व्यवस्था के मोर्चे पर भी पुलिस बेडे ने बेहतरीन काम किया। इस सबके लिए उन्होंने अफसरों और जवानों के प्रति आभार भी जताया।

## सेल्फी लेने में गुजरात के तीन युवक ऋषिकेश में डूबे

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 30 जून।

ऋषिकेश में गुजरात के तीन युवक गंगा नदी में बह गए हैं। इनमें से एक युवक का शव बरामद हो गया है और दो लापता युवकों के लिए बचाव अभियान जारी है। सेल्फी लेने के दौरान एक युवका का पैर फिसल गया और वह गंगा में बह गया। उसे बचाने के लिए दो युवक नदी में कूद पड़े और बह गए। ऋशिकेश में गंगा तट पर पुलिस व प्रशासन ने जगह-जगह सेल्फी न लेने के चेतावनी बोर्ड लगा रखे हैं। परंतु पर्यटक ध्यान नहीं देते हैं और लोगों के गंगा में डूबने की घटनाएं अक्सर हो जाती हैं।

**एक युवक का शव बरामद व दो लापता, बचाव अभियान जारी**

पुलिस व राज्य आपदा बचाव दल (एसडीआरएफ) ने कई घंटे बचाव ऑपरेशन चलाया। इसमें एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं दो युवकों का अभी तक पता नहीं लगा है। इनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम ने शिवपुरी से लेकर नीम बीच तक बचाव अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत गोताखोर गंगा के अंदर कांटे डालकर तलाश कर रहे हैं।

नरेंद्र नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार शाह ने बताया कि गुजरात के सूरत से 15 सदस्य पर्यटक दल डेनिस भाले और प्रतीक पांड्या के नेतृत्व में 19 जून को हरिद्वार पहुंचा था। जिसके बाद दल 20 जून को यमुनोत्री, 22 जून को गंगोत्री, 24 जून को केदारनाथ और 26 जून को बद्रीनाथ के दर्शन कर 28 जून को ये दल सुबह ऋषिकेश में राफ्टिंग के लिए पहुंचा था।

राफ्टिंग करने के बाद सैलानी राफ्ट से उतर गए और लाइफ जैकेट उतारने के बाद नदी तट पर सेल्फी लेनी शुरू कर दी। इस दौरान दल के एक युवक पांव का फिसलने के कारण नदी में जा गिरा। उसे बचाने के लिए कुणाल कोसाडी और जेनिश पटेल भी नदी में कूद गए और तीनों डूब गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बचाव अभियान चलाया।

## हरिद्वार कुंभ के लिए जमीन का स्थायी आबंटन हुआ तो आंदोलन : मातृ सदन

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 30 जून।

हरिद्वार के मातृसदन के परमाध्यक्ष, जाने-माने पर्यावरणविद् व गंगा बचाओ आंदोलन के प्रमुख स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा कि हरिद्वार में 2021 में होने वाले कुंभ मेले के लिए अखाड़ों को स्थायी जमीनों को आबंटन नहीं किया जाना चाहिए। अगर ऐसा किया गया तो मातृसदन प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ जन आंदोलन चलाएगा और हाई कोर्ट जाएगा।

स्वामी शिवानंद सरस्वती ने पत्रकारों को बातचीत के दौरान बताया कि कुंभ की जमीन के लिए मातृसदन ने लंबी लड़ाई लड़ी है। भूमाफियाओं से संघर्ष करके 2001 में उनके चंगुल से 1625 बीघा जमीन मुक्त करवा कर वन विभाग को दी थी, तब जाकर इस जमीन पर महाकुंभ आदि मेलों का आयोजन हो पाता है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार तीर्थनगरी में अखाड़ों और आश्रमों की जो छावनियां कुंभ मेले के लिए आरक्षित थीं, उन जमीनों को या तो अखाड़ों के महंतों ने भू-माफियाओं से मिलीभगत करके ऊंचे दामों पर बेच दिया है या इन जमीनों पर बड़े-बड़े अपाटर्मेंट खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब हरिद्वार के साधु आध्यात्मिक संत की जगह प्रापर्टी डीलरों की तरह व्यवसायी हो गए हैं। इससे संत समाज और अखाड़ों की गरिमा को भारी ठेस लगी है और आए दिन अखाड़ों के महंतों में जमीनों के विवादों को लेकर एक दूसरे के खिलाफ जुबानी और खूनी जंग चलती रहती है। महंत सुधीर गिरी हत्याकांड समेत कई कांड अखाड़ों की बेशकीमती जमीनों को लेकर ही हो रहे हैं।

● मातृ सदन के परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा कि हरिद्वार कुंभ नगर का विस्तारीकरण हरिद्वार के दक्षिण दिशा की ओर किया जाना चाहिए। कुंभ और गंगा के लिए शहादत देने वाला मातृसदन कुंभ क्षेत्र को कलंकित नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि इसके बाद ही सरकार ने इस जमीन पर 2004 के अर्द्धकुंभ और 2010 के कुंभ मेलों का आयोजन किया। परंतु अब राज्य सरकार ने मातृसदन के साथ कुंभ 2021 के बारे में बातचीत तक करना मुनासिब नहीं समझा और न ही कोई सलाह ली।

स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा कि हरिद्वार कुंभ नगर का विस्तारीकरण हरिद्वार के दक्षिण दिशा की ओर किया जाना चाहिए। कुंभ और गंगा के लिए शहादत देने वाला मातृसदन कुंभ क्षेत्र को कलंकित नहीं होने देगा। इसके लिए मातृसदन ने सरकार और मेला प्रशासन को अपनी सलाह भी भेजी है ताकि आने वाला कुंभ मेला सकुशल संपन्न हो सके।



कमल के फूल की खेती के लिए जबलपुर के बाहरी इलाके में सूख चुकी एक झील की तलहटी में गड्ढे खोदते किसान।

# अटारी सीमा पर 2,700 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त

अमृतसर, 30 जून (भाषा)।



सीमा शुल्क विभाग ने ट्रक के जरिए व्यापार मार्ग से तस्करी कर लाई जा रही 532 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन अटारी सीमा पर बरामद की है। इसकी कीमत 2,700 करोड़ रुपए बताई गई है। यह सीमाशुल्क विभाग द्वारा अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक बताई जाती है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तस्करी रैकेट का कथित मास्टरमाइंड कश्मीर घाटी से ताल्लुक रखता है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही सेंधा नमक की खेप आयात करने वाले अमृतसर के व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्त दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि हेरोइन की खेप और अन्य 52 किलोग्राम संदिग्ध मिश्रित मादक पदार्थ ट्रक में सेंधा नमक के सैकड़ों बोरों के नीचे छिपाकर रखा गया था। यह ट्रक पाकिस्तान से एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) से शनिवार को अटारी पहुंचा था। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय संगठित मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़ करने में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर के सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय ने अटारी स्थित आइसीपी पर आयात खेप में 532 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन और 52 किलोग्राम संदिग्ध मिश्रित नशीले पदार्थ जब्त किए हैं।' गुप्ता ने कहा कि भारतीय सीमा शुल्क के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि संगठित तस्करी रैकेट के मास्टरमाइंड तारिक अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है जो कश्मीर के हंदवाड़ा का रहने वाला है। उसे जम्मू कश्मीर पुलिस की सहायता से गिफ्तार किया गया। आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा, 'हम सेंधा नमक की खेप मंगाने वाले से भी पूछताछ कर रहे हैं।'
पाकिस्तान से आयातित खेप दो दिन पहले आई थी और ट्रक चालक खेप उतारकर वापस लौट गया। खेप को आगे जाने की मंजूरी देने से पहले सीमा शुल्क विभाग इसकी पूरी जांच करता है। शनिवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे सेंधा नमक की खेप की जांच के दौरान एक बोरे में सफेद पदार्थ रखा मिला। पूरे 600 बोरों की जांच में 15 बोरों में नशीला पदार्थ होने का संदेह हुआ। 15 बोरों में 532 किलोग्राम हेरोइन और 52 किलोग्राम अन्य मिश्रित मादक पदार्थ मिला। गुप्ता ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय बाजार में हेरोइन की कीमत 2,700 करोड़ रुपए बताई जाती है।' उन्होंने कहा, 'यह भारत पाकिस्तान सीमा पर भारतीय एजेंसी द्वारा हेरोइन की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है। व्यापार मार्ग के जरिए भारत पाकिस्तान सीमा पर हेरोइन सहित मादक पदार्थ की संगठित तस्करी के खिलाफ अमृतसर के सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय की यह सबसे बड़ी सफलता है।'

# गला घोंटकर शिक्षिका की हत्या, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

भिवानी, 30 जून (भाषा)।

यहां एक व्यक्ति ने अपने साथी और उसकी पत्नी के साथ मिलकर शनिवार को अपनी शिक्षिका पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी सुनील और उसका साथी जगदीप कांग्रेसी नेता बताए जाते हैं।

भिवानी सिटी थाना एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि शिक्षिका रेखा के पिता अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि सुनील ने उसकी बेटी की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि शिकायत में अजमेर ने कहा है कि उसने अपनी बेटी रेखा (30) की शादी नवंबर 2011 में सिंघानी के सुनील के साथ की थी। दंपती अपने बेटा-बेटी संग न्यू हाउसिंग बोर्ड में रहता था। रेखा प्राइमरी शिक्षिका थी। सुनील अपने साथी कांग्रेस नेता और शराब कारोबारी जगदीप तथा उसकी पत्नी सुनीता के कहे अनुसार कार्य करता था। वह अपनी ससुराल तथा रिश्तेदारों से लेकर करीब 1 करोड़ 82 लाख रुपये उक्त दंपती को दे चुका था। अजमेर ने आरोप लगाया कि पिछले तीन-चार साल से सुनील अपनी पत्नी रेखा को काफी तंग करने लगा था।

भिवानी सिटी थाना एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि शिक्षिका रेखा के पिता अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि सुनील ने उसकी बेटी की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि सुनील का दावा है कि रेखा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के बोर्ड से कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा। कुमार ने बताया कि अजमेर के बयान पर रेखा के पति सुनील, जगदीप और उसकी पत्नी सुनीता के खिलाफ हत्या और हत्या में शामिल होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आरटीजीएस, एनईएफटी पर शुल्क आज से खत्म

मुंबई, 30 जून (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णयानुसार आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणाली के जरिए पैसा भेजना सोमवार एक जुलाई से सस्ता हो जाएगा। रिजर्व बैंक ने इस तरह के धन प्रेषण पर बैंकों के ऊपर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक ने एक जुलाई से आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणाली से लेनदेन पर शुल्क हटाने की घोषणा की है। रिजर्व बैंक ने इसी के साथ बैंकों को उसी दिन से ग्राहकों को नई व्यवस्था का लाभ देने के लिए कहा है।

रीयल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) प्रणाली का इस्तेमाल बड़ी राशि के लेनदेन के लिए किया जाता है। वहीं नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) प्रणाली का उपयोग दो लाख रुपए तक की राशि के लेनदेन के लिए होता है। भारतीय बैंक संघ के चेयरमैन सुनील मेहता ने कहा, 'डिजिटल लेनदेन बढ़ाने की लिहाज से रिजर्व बैंक ने आरटीजीएस और एनईएफटी धन प्रेषण पर बैंकों पर कोई भी शुल्क नहीं लगाने का निर्णय किया है। यह कदम बैंकों को ग्राहकों के लिए इन डिजिटल माध्यमों से धन हस्तांतरण पर शुल्क कम करने में मदद करेगा।'

> फिलहाल देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक एनईएफटी के जरिए धन भेजने पर एक से पांच रुपए और आरटीजीएस पर पांच से 50 रुपए तक का शुल्क वसूलता है

देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक एनईएफटी के जरिए धन भेजने पर एक से पांच रुपए और आरटीजीएस पर पांच से 50 रुपए तक का शुल्क वसूलता है। देश में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बैंक ने नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। समिति ने ऑनलाइन लेनदेन पर इस तरह के शुल्क हटाने की सिफारिश की थी, जिसके बाद केंद्रीय बैंक ने यह निर्णय लिया था।

रिजर्व बैंक ने एटीएम से लेनदेन पर बैंकों द्वारा लिए जाने वाले शुल्कों की समीक्षा के लिए भी भारतीय बैंक संघ के कार्यकारी प्रमुख वीजी कन्नन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। इसकी रपट जल्द ही सामने आएगी।

# 2012-2018 में वन्यजीवों के शिकार मामले में 9000 से अधिक लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

पर्यावरण मंत्रालय ने हाल ही में लोकसभा को जानकारी दी है कि 2012-2018 के दौरान देश भर में वन्यजीवों के अवैध शिकार के मामले में 9,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने निचले सदन में अवैध शिकार के मामलों में पकड़े गए लोगों की संख्या को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब में यह जानकारी दी।

# मंगलुरु में विमान रनवे पर फिसला, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली/मंगलुरु, 30 जून (भाषा)।

कर्नाटक के मंगलुरु हवाई अड्डे पर रविवार को दुबई से 183 यात्रियों को लेकर पहुंचा एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान रनवे से फिसल कर मैदानी इलाके में फंस गया और इस घटना में सभी यात्री एवं चालक दल के सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित रहे।

मंगलुरु हवाई अड्डे से जारी बयान के अनुसार दुबई से मंगलुरु आए एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसल गया और वहां किनारे लगी घास में फंस गया। घटना के बाद भी हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन सामान्य बना रहा और विमान को वहां से आसानी से निकाल लिया गया।

## इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

रोहिणी, सेक्टर-8 (1506) शाखा: 101-110, प्रथम तल, आर जी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085, फोन: 011-27945991, 27940673, ईमेल: iob1506@iob.in

**(परिशिष्ट IV) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये) [(नियम 8 (1)]**

**जैसा कि,** वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 22.01.2018 (मांग सूचना सभी ऋणधारकों/ मार्टगेजरों एवं गारंटरों द्वारा 2.1.2018 को व्यक्तिगत रूप से अभिस्वीकृत की गई) जारी कर ऋणधारकों/ मार्टगेजरों/ गारंटरों को यहां नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर वसूली की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रैस्ट्स पर आगे के ब्याज, आदि के साथ मांग सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

| क्रम सं. | पते के साथ ऋणधारक का नाम | पते के साथ गारन्टर/ मार्टगैजर का नाम | एनपीए की तिथि | मांग सूचना जारी करने की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया | कब्जा लेने की तिथि | भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेस्ट्स पर आगे के ब्याज, चार्जेज आदि के साथ कब्जा लेने की तिथि को देय बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मै. जे.आर. प्रॉजेक्ट एंड कन्स्ट्रक्शन कं. उसके पार्टनर श्री मथुरा नाथ झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, कार्यालय का पता: एच.नं. 177 एवं 178, भू तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | श्री मथुरा नंद झा, पुत्र शिवानंद झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा, दोनों निवासी: एच.नं. 177 एवं 178, दूसरा तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 (गारन्टर्स एवं मार्टगैजर्स) | 31.12.2019 | 2.1.2018 | 31.12.2017 को रु. 16390721.25 (रुपये एक करोड़ तिरेसठ लाख नब्बे हजार सात सौ इक्कीस एवं पैसे पच्चीस मात्र) | 26.6.2019 | रु. 15871646.47 (रुपये एक करोड़ अन्ठावन लाख इकहत्तर हजार छः सौ छियालिस एवं पैसे सैंतालिस मात्र) |
| 2. | मै. स्टर्लिंग मोर्या टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. पंजी. कार्यालय: एच.नं. 177 एवं 178, भू तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | श्री मथुरा नंद झा, पुत्र शिवानंद झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा, दोनों निवासी: एच.नं. 177 एवं 178, दूसरा तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 (गारन्टर्स एवं मार्टगैजर्स) | 31.12.2019 | 2.1.2018 | 31.12.2017 को रु. 44,28,840.34 (रुपये चौआलिस लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ चालिस एवं पैसे चौंतीस मात्र) | 26.6.2019 | रु. 43,87,898.38 (रुपये तैंतालिस लाख सतासी हजार आठ सौ अन्ठानवे एवं पैसे अड़तीस मात्र) |
| 3. | मै. इन्फोलाइन सॉफ्टवेयर प्रॉप. श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा पता: एच.नं. 177 एवं 178, भू तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | श्री मथुरा नंद झा, पुत्र शिवानंद झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा, दोनों निवासी: एच.नं. 177 एवं 178, दूसरा तल, ब्लॉक-1, पॉकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 (गारन्टर्स एवं मार्टगैजर्स) | 31.12.2019 | 2.1.2018 | 31.12.2017 को रु. 29,80,698.01 (रुपये उन्नतीस लाख अस्सी हजार छः सौ अन्ठानवे एवं पैसे एक मात्र) | 26.6.2019 | रु. 32,91,327.01 (रुपये बत्तीस लाख इक्यानवे हजार तीन सौ सत्ताईस तथा पैसे एक मात्र) |

1) ऋणधारक/मार्टगैजर एवं गारन्टर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/मार्टगैजर एवं गारन्टरों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, दिनांक 26 जून, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
2) विशेष रूप से ऋणधारकों/मार्टगैजरों एवं गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय मांग सूचना जारी करने के बाद वसूली यदि कोई की गई हो, घटाकर मांग सूचना में वर्णित उपरोक्त तिथि से भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं स्वीकृत रेट्स पर उस पर आगे के ब्याज, लागत के साथ 31.12.2017 को ऊपर वर्णित राशि के लिये इंडियन ओवरसीज बैंक के चार्ज के अधीन होगा।
3) ऋणधारकों/मार्टगैजरों एवं गारन्टरों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

1. श्री मथुरा नाथ झा, पुत्र श्री शिवानंद झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा के नाम में पॉकेट-2, ब्लॉक-आई, सेक्टर 16, रोहिणी, दिल्ली-110085 में आवासीय सम्पत्ति एच.नं. 177 एवं 178 का भूतल
सम्पत्ति की चौहद्दी: उत्तर: सर्विस लेन 3 मी. चौड़ी, दक्षिण: 8.6 मी. चौड़ी सड़क, पूर्व: सम्पत्ति सं. 176, पश्चिम: सम्पत्ति सं. 179 साईट का कुल विस्तार: दो प्लॉटों अर्थात् प्लॉट नं. 177 एवं 178, माप 25.9 वर्ग मी. + 25.9 वर्ग मी. = कुल 51.8 वर्ग मी. पर सम्पूण भूतल (शीर्षांकित अचल सम्पत्ति मै. इन्फोलाइन सॉफ्टवेयर एंड मै. जे.आर. प्रॉजेक्ट्स एंड कन्स्ट्रक्शन क. को स्वीकृत ऋण के लिए कॉमन प्रतिभूति तथा गिरवी रखी गई है।)
2. श्री मथुरा नाथ झा, पुत्र श्री शिवानंद झा एवं श्रीमती प्रतिभा झा, पत्नी श्री मथुरा नाथ झा के नाम में पॉकेट-2, ब्लॉक-आई, सेक्टर 16, रोहिणी, दिल्ली-110085 में आवासीय सम्पत्ति एच.नं. 177 एवं 178 का दूसरा तल (छत के अधिकार के साथ)
सम्पत्ति की चौहद्दी: उत्तर: सर्विस लेन 3 मी. चौड़ी, दक्षिण: 8.6 मी. चौड़ी सड़क, पूर्व: सम्पत्ति सं. 176, पश्चिम: सम्पत्ति सं. 179 साईट का कुल विस्तार: दो प्लॉटों अर्थात् प्लॉट नं. 177 एवं 178, माप 25.9 वर्ग मी. + 25.9 वर्ग मी. = कुल 51.8 वर्ग मी. पर सम्पूण दूसरा तल (छत के अधिकार के साथ)
(शीर्षांकित अचल सम्पत्ति मै. जे.आर. प्रॉजेक्ट्स एंड कन्स्ट्रक्शन क. तथा मै. स्टर्लिंग मोर्या टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. को स्वीकृत ऋण के लिए कॉमन प्रतिभूति तथा गिरवी रखी गई है।)

**तिथि: 26.06.2019, स्थान: दिल्ली** **प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन ओवरसीज बैंक)**

## पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

**बीओ.: एआरएमबी, 1ला तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110125**
**[फोन: 25854371, ईमेल: bo4168@pnb.co.in**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित खाता के ऋणधारकों/गारन्टर ने बैंक से ऋण सुविधाऐं प्राप्त की है तथा उसके पुनर्भुगतान में चूक के कारण दर्शाई गई तिथियों को इन खाताओं को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। ऋणधारकों/गारन्टरों को ''जान-बूझकर चूककर्ता'' घोषित कर दिया गया है। विभिन्न सूचनाओं के माध्यम से ऋणधारकों/गारंटरों को इस चूक को सुधारने का अनुरोध किया गया। उनसे पुनः आग्रह है कि इस सूचना की तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे वर्णित खाताओं को विनियमित/समायोजित करें अन्यथा बैंक जनता को यह सूचित करने के लिये कि वे बैंक के जान-बूझकर चूककर्ता हैं, समाचार पत्र में उनके फोटोग्राफ को प्रकाशित करेगा।

1. मै. सुलक्ष्मी फाइनांस प्रा. लि., वत्स कॉम्प्लैक्स, 2रा तल, सी-7/230, सेक्टर 7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 डा. सुनीता शर्मा अस्तेर, 1/802, सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट, सेक्टर 93-ए, नोएडा (उ.प्र.) 201304, सुश्री हर्षिता शर्मा, एच-229, कोहट एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110034, श्री इकबाल सिंह, 1754-सीजीआई नं. 129 सी, त्रिनगर, शान्ति नगर, नई दिल्ली-110035
पंजी. एनपीए खाता नं.-4166008700000807491 जो मै. सुलक्ष्मी फाइनांस प्रा.लि. के नाम में है।
आप, हमारी बैंक से निम्न साख सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं:

| साख सुविधा की प्रकृति | स्वीकृत सीमा | शेष बकाया | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| नगदी साख (हाइपो) | रु. 500.00 लाख | रु. 50930212.00+31.12.2011 से ब्याज | 31.12.2011 |

2. मै. पूर्ति टेक्स्टाईल मिल्स, 1-6/90, सेक्टर 16, रोहिणी, नई दिल्ली-110085, श्री सुमन चढ़ा, पुत्र श्री जेएल चढ़ा (पार्टनर) एच-3/50, सेक्टर 18, रोहिणी, नई दिल्ली 110089, श्री धीरज अग्रवाल (पार्टनर) 29-30 सी, समय विहार, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली 110089
पंजी. एनपीए खाता नं.-4821008700000215 जो मै. पूर्ति टेक्स्टाईल मिल्स के नाम में है।
आप, हमारी बैंक से निम्न साख-सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं:

| साख सुविधा की प्रकृति | स्वीकृत सीमा | शेष बकाया | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| नगदी साख | रु. 500.00 लाख | रु. 49965669.00+30.6.2015 से ब्याज | 30.6.2015 |

आप से पुनः आग्रह है कि इस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 7 दिनों के भीतर उपरोक्त खाताओं को विनियमित/समायोजित करें, अन्यथा जनता को यह सूचित करने के लिये कि आप बैंक के जान-बूझकर चूककर्ता हैं, हम समाचारपत्रों में आपका फोटोग्राफ प्रकाशित करेंगे।
हम सुनिश्चित हैं कि इस कार्रवाई से बचने के लिये आप जरूरी कार्रवाई करेंगे।

**तिथि: 29.6.2019, स्थान: दिल्ली** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक**

## KEI केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**पंजी. कार्यालय: डी-90, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली-110020**
**CIN: L74899DL1992PLC051527**
**टेली: +91-11-26818840, 26818642, फैक्स: +91-11-26811959,26817225**
**Email: cs@kei-ind.com, Website: www.kei-ind.com**

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी द्वारा जारी की गई निम्न शेयर प्रमाणपत्र के गुम हो जाने/ स्थानच्युत हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है तथा उसके पंजीकृत शेयरधारक ने कम्पनी/आरटीए के पास डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिये आवेदन किया है।

| क्रम सं. | फोलियो नं. | प्रमाण पत्र सं. | विशिष्ट सं. | शेयरधारकों का नाम | शेयरों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0000170 | 18 | 80501-81500 | पारुलबेन पी राज | 1000 |

एतद्द्वारा आम जनता को सतर्क किया जाता है कि उपरोक्त शेयर प्रमाणपत्र किसी भी रूप में क्रय तथा कारोबार न करें। यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त शेयर प्रमाणपत्र के संदर्भ कपंनी में कोई दावा(वें) हो, वे इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के भीतर दिये गये पते पर उसके पंजीकृत कार्यालय ऐसे दावा(वे) दाखिल करें जिसके बाद किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं की जायेगी तथा कंपनी डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी।

**मै. केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**स्थान: नई दिल्ली** **श्री किशोर कुनाल**
**तिथि: 28.06.2019** **जीएम (कॉर्पोरेट) तथा कंपनी सचिव**

## फार्म जी में सुधार
## अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण

{दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36 ए (1) के अनुसार प्रकाशित}

**दिगम्बर बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड** के संदर्भ में संभावित प्रस्ताव आवेदक(कों) से अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण के लिए फाइनांसियल एक्स्प्रैस तथा जनसत्ता (दिल्ली एवं एनसीआर संस्करण दोनों) में **23 मार्च, 2019 तथा 19 मई, 2019 को** प्रकाशित संशोधित प्रपत्र जी में सुधार में निम्न संशोधनों पर ध्यान दें।

| संबंधित विवरण | | |
|---|---|---|
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | 5 जुलाई, 2019 |
| 11. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि | 10 जुलाई, 2019 |
| 12. | अस्थाई सूची के प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि | 15 जुलाई, 2019 |
| 13. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि | 25 जुलाई, 2019 |
| 14. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों के प्रस्ताव योजना के लिए सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि | 15 जुलाई, 2019 |
| 16. | प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि | 14 अगस्त, 2019 |
| 18. | स्वीकृति के लिए निर्णयकर्ता प्राधिकरण के पास प्रस्ताव योजना जमा करने की अनुमानित तिथि | 20 अगस्त, 2019 |

**टिप्पणी:**
1. दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि 24 अगस्त, 2019 है।
2. विस्तृत विवरण तथा अद्यतन जानकारी के लिए www.adellandmarks.com देखें।

**हस्ता./-** **तिथि: 1.7.2019**
**उदयराज पटवर्धन** **स्थान: मुम्बई**
**दिगम्बर बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड**
**के रिजॉल्यूशन प्रॉफेशनल**
**पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00024/2016-2017/10057**
**आईबीबीआई में पंजीकृत पता तथा पत्राचार के लिये परियोजना विशेष पता:**
**सुमेधा मैनेजमेन्ट सॉल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड, सी-703, मैराथन ईनोवा, ऑफ गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुम्बई सिटी, महाराष्ट्र, 400013**
**आईबीबीआई में पंजीकृत ईमेल आईडी: udayraj_patwardhan@sumedhamanagement.com**
**पत्राचार के लिये परियोजना विशेष का ईमेल आईडी-dbpl@sumedhamanagement.com**

## कर्णाटका बैंक लिमिटेड
सम्पूर्ण भारत में, आपका पारिवारिक बैंक

**पंजी. एवं प्रधान कार्यालय: पी. बी. नं. 599, महाबीरा सर्किल, कंकानेडी, मंगलुरु-575002**
**फोन: 0824-2228103 से 107, फैक्स: 0824-2228142; ईमेल: legal.recovery@ktkbank.com,**
**वेबसाईट: www.karnatakabank.com, CIN:L85110KA1924PLC001128**

**विधिक एवं वसूली विभाग**

1. मै. टोएशा वैक्सीन्स इन्डिया, प्रतिनिधित्व द्वारा उसके पार्टनर्स
क) श्रीमती शिल्पी गोयल, ख) श्री संजीव गोयल,
एसएफ-8, व्यापार केन्द्र, सुशांत लोक-1, गुड़गांव, हरियाणा-122001

2. श्रीमती शिल्पी गोयल, पत्नी श्री राजीव गोयल 3) श्री राजीव गोयल, पुत्र श्री रवि गोयल

**नं. 2 एवं 3 निवासी:** एसएफ-8 एवं 9, सुशांत व्यापार केन्द्र, सी-ब्लॉक, सुशांत लोक-1, गुड़गांव, हरियाणा-122001
**नं. 2 एवं 3 निवासी:** डी-14/30, 2रा तल, आरडी सिटी, सेक्टर-52, गुड़गांव- 122001

**साथ हीं: नं. 2 एवं 3 निवासी:** फ्लैट नं. 123, 7वां तल, टावर-एस, हिल व्यू गार्डन, पार्ट-2, त्रेहन होम डेवलपर प्रा.लि., 8वां माइल स्टोन, अलवर बाई पास रोड, ग्राम थाडा, तहसील तिजारा, भिवाडी, जिला अलवर, राजस्थान- 301019

महोदय/ महोदया,

आप सं. 1) मै टोएशा वैक्सीन्स इंडिया, प्रतिनिधित्व द्वारा उसके पार्टनर्स, क) श्रीमती शिल्पी गोयल, ख) श्री राजीव गोयल जो ऋणधारक है साथ ही उनकी पर्सनल गारन्टी है, द्वारा दिल्ली वेस्ट पटेल नगर शाखा में ओवरड्राफ्ट खाता नं. 546700100209101 तिथि 29.05.2018 (नवीकृत) रु. 200.00 लाख के लिये एवं टीएल खाता नं. 5467001609925801 तिथि 15.10.2013 के लिये उपभोग की जा रही है, जिसे 29.1.2019 को गैर प्रचालन परिसम्पत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा संबंधित पार्टियों को 12.4.2019 को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) एवं (3) के अंतर्गत विस्तृत मांग सूचना जारी कर सरफैसी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की गई है। उक्त मांग सूचना अभिस्वीकृतियों के साथ उपरोक्त पते पर स्पीड डाक से भेजी गई जो अन्डेलिवर्ड वापस लौट आई। अतएव, हमने सरफैसी अधिनियम 2002 में निहित प्रक्रियाओं का अनुसरण कर इस सूचना के द्वारा मांग सूचना के विषय-वस्तु को प्रकाशित किया है। दिनांक 12.4.2019 को कुल शेष ओवर ड्राफ्ट खाता नं. 546700100209101 में रु. 21577474.77 के साथ 01.04.2019 से मासिक रूप से मिश्रित 9.80% की दर से आगे का ब्याज तथा टीएल खाता नं. 5467001609925801 में कुल शेष रु. 1,42,616.00 के साथ 15.3.2019 से मासिक रेस्ट्स के साथ मिश्रित 13.55% की दर से आगे का ब्याज देय है। आपको निर्देश दिया जाता है समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उसका भुगतान करें।

**गिरवी सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण**

1. अलवर बाईपास रोड, ग्राम थाडा, तहसील तिजारा, भिवाडी, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित ''हिल व्यू गार्डन'' नाम के हाउसिंग कॉम्प्लैक्स, पार्ट-2, त्रेहन होम डेवलपर प्रा.लि., 8वां माइल स्टोन में ग्राउण्ड + 8 तल के टावर- एस में सातवें तल पर आवासीय फ्लैट माप सुपर बिल्ट अप एरिया 1389 वर्ग फीट नं. 123 का सभी भाग तथा हिस्सा।
2. ब्लॉक सी, सुशांत व्यापार केन्द्र, सुशांत लोक, फेज-1, गुड़गांव, हरियाणा में चार मंजिला व्यावसायिक परिसर जिसका सुपर एरिया 299 वर्ग फीट है, में कार्यालय स्थान सं. एसएफ-8, 2रा तल, का सभी भाग तथा हिस्सा।

कृपया ध्यान रहे, मैं, प्रतिभूत क्रेडीटर बैंक का प्राधिकृत अधिकारी यदि आप इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति से पूर्व अपनी सम्पूर्ण देयताओं को निष्पादित करने में विफल होते हैं तो उस स्थिति में उपरोक्त प्रतिभूत को प्रवर्त्तित करने के लिये इच्छुक हूँ।

**स्थान: मंग्लुरु** **हस्ता./- मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी**
**तिथि: 28.06.2019** **कर्णाटका बैंक लि.**





दिलचस्प आंकड़े

| | |
|---|---|
| रन | 16972 |
| विकेट | 513 |
| छक्के | 284 |
| अर्धशतक | 88 |

सबसे ज्यादा रन
डेविड वार्नर

उच्चतम स्कोर
डेविड वार्नर

# श्रीलंकाई टीम का सामना आज वेस्ट इंडीज से

चेस्टर ली स्ट्रीट, 30 जून (भाषा)।

श्रीलंका की टीम सोमवार को विश्व कप मुकाबले में वेस्ट इंडीज का सामना करेगी। वह अभी सेमी फाइनल की दौड़ में बनी हुई है। उसे आगे भी इस उम्मीद को बनाए रखने के लिए कैरेबियाई टीम के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वेस्ट इंडीज की टीम पहले ही खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह इस मैच में आत्मसम्मान बचाने के लिए उतरेगी।



श्रीलंका ने इंग्लैंड को हराकर उलटफेर किया लेकिन अगले ही मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से नौ विकेट से मिली हार के कारण टीम का सेमी फाइनल में पहुंचने का समीकरण गड़बड़ा गया। टीम सात मैचों में छह अंक के साथ तालिका में सातवें पायदान पर है और सेमी फाइनल में पहुंचने के लिए उसे अपने बाकी के दोनों मैचों में जीत दर्ज करने के साथ इंग्लैंड और पाकिस्तान के मैचों से अनुकूल परिणाम की उम्मीद करनी होगी।

खराब बल्लेबाजी के कारण श्रीलंकाई टीम की गेंदबाजी भी दबाव में आ जाती है लेकिन अनुभवी लसिथ मलिंगा और नुवान प्रदीप (चेचक के कारण विश्व कप से बाहर) ने टीम को गेंद से अच्छी शुरुआत दिलाई है। टीम को एक बार फिर अपने गेंदबाजों से उम्मीदें होगी। अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 421 रन बनाने के बाद वेस्ट इंडीज को टूर्नामेंट में उलटफेर करने वाला छुपारुस्तम माना जा रहा था। टीम हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले मुकाबले को जीतने के बाद अगले पांच मैच गंवा बैठी।

वेस्ट इंडीज टीम को हालांकि कुछ करीबी मुकाबलों में अहम मौकों को नहीं भुना पाने का भी खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम तालिका में अफगानिस्तान के ऊपर नौवें स्थान पर है। टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, ऐसे में क्रिस गेल, कार्लोस ब्रेथवेट और शाई होप जैसे बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज दवाब मुक्त होकर खेलेंगे।

पिछले मुकाबले में भारत से हार के बाद वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच फ्लोयड रीफर ने कहा था कि विश्व कप अभियान को लेकर हमने आपस में चर्चा की और हम टूर्नामेंट का सकारात्मक अंत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम आत्मसम्मान के लिए खेल रहे हैं, हमें यह पता है कि घरेलू प्रशंसक हमारे साथ हैं और हम उनका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## रोहित के शतक पर भारी बेयरस्टॉ की पारी

# मेजबान इंग्लैंड 31 रन से जीता

बर्मिंघम, 30 जून (भाषा)।



जॉनी बेयरस्टॉ के शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से इंग्लैंड ने रविवार को भारत को 31 रन से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड के 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम रोहित के शतक के बावजूद पांच विकेट पर 306 रन ही बना सकी। उसे टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने कप्तान विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। हार्दिक पंड्या ने 45 जबकि धोनी ने नाबाद 42 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से लियाम प्लंकेट ने 55 रन देकर तीन जबकि क्रिस वोक्स ने 58 रन देकर दो विकेट चटकाए।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ मैच में रविवार को सात विकेट पर 337 रन बनाए। बेयरस्टॉ ने 109 गेंद में छह छक्कों और 10 चौकों की मदद से 111 रन की पारी खेली। उन्होंने जेसन रॉय के साथ पहले विकेट के लिए 160 रन जोड़कर इंग्लैंड को तूफानी शुरुआत दिलाई। बेन स्टोक्स ने तेजतर्रार अर्धशतक जड़ा जबकि जोए रूट ने भी उम्दा पारी खेली।

भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने करिअर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 69 रन देकर पांच विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने किफायती गेंदबाजी की और 44 रन देकर एक विकेट चटकाया जबकि बाकी गेंदबाज महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड को बेयरस्टॉ और रॉय की जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने सतर्कता के साथ बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में टीम का स्कोर 47 रन तक पहुंचाया। रॉय 11वें ओवर में हार्दिक पंड्या की गेंद पर भाग्यशाली रहे जब उनकी लेग साइड से बाहर जाती गेंद पर बल्लेबाज ने प्रहार करने की कोशिश की और अंपायर ने इसे वाइड करार दे दिया। भारत ने विचार विमर्श के बाद डीआरएस नहीं लेने का फैसला किया लेकिन रीप्ले में दिखा कि विराट कोहली की टीम अगर डीआरएस लेती को रॉय को पवेलियन लौटना होता। रॉय इस समय 21 रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने अगली दो गेंद पर छक्का और चौका मारा।

बेयरस्टॉ ने युजवेंद्र चहल पर दो छक्कों के साथ 16वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया और इस दौरान 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। बेयरस्टॉ के पहले छक्का को लपकने की कोशिश में लोकेश राहुल बाउंड्री पर चोटिल भी हो गए और उनकी जगह क्षेत्ररक्षण के लिए रविंद्र जडेजा को मैदान पर उतरना पड़ा। रॉय ने कुलदीप यादव की गेंद पर दो रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रॉय कुलदीप की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जडेजा के शानदार कैच का शिकार बने। बेयरस्टॉ और रूट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। बेयरस्टॉ ने स्वच्छंद बल्लेबाजी जारी रखी और 90 गेंद में विश्व कप का अपना पहला शतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड :** जेसन रॉय का स्थानापन्न बो कुलदीप 66, जॉनी बेयरस्टॉ का पंत बो शमी 111, जोए रूट का पंड्या बो शमी 44, इयोन मोर्गन का जाधव बो शमी 01, बेन स्टोक्स का स्थानापन्न बो बुमराह 79, जोस बटलर का एवं बो शमी 20, क्रिस वोक्स का रोहित बो शमी 07, लियाम प्लंकेट नाबाद 01, जोफ्रा आर्चर नाबाद 00 **गेंदबाजी :** शमी 10-1-69-5, बुमराह 10-1-44-1, चहल 10-0-88-0, पंड्या 10-0-60-0, कुलदीप 10-0-72-1 **भारत :** लोकेश राहुल का एवं बो वोक्स 00, रोहित शर्मा का बटलर बो वोक्स 102, विराट कोहली का स्थानापन्न बो प्लंकेट 66, ऋषभ पंत का वुड बो प्लंकेट 32, हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो प्लंकेट 45, महेंद्र सिंह धोनी नाबाद 42, केदार जाधव नाबाद 12 **गेंदबाजी :** वोक्स 10-3-58-2, आर्चर 10-0-45-0, प्लंकेट 10-0-55-3, वुड 10-0-73-0, राशिद 6-0-40-0, स्टोक्स 4-0-34-0

**111** रन की पारी खेली बेयरस्टॉ ने 109 गेंद में छह छक्कों और 10 चौकों की मदद से



**05** विकेट चटकाए भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने करिअर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 69 रन देकर

# आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल : बोल्ट

लंदन, 30 जून (भाषा)।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने सही समय पर लय पकड़ी है और आइसीसी विश्व कप में उन्हें हराना काफी मुश्किल है। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (26 रन पर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां लॉर्ड्स के मैदान पर न्यूजीलैंड को 86 रन से करारी शिकस्त दी।

इससे पहले उस्मान ख्वाजा (88) और एलेक्स कैरी (71) की 107 रन की साझेदारी के बूते आस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 243 रन बनाए जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 157 रन पर आउट हो गई। बोल्ट (51 रन देकर चार विकेट) ने पारी के आखिरी ओवर में हैट्रिक ली।

बोल्ट ने कहा कि विश्व कप में आस्ट्रेलिया की टीम लय में है। इस टूर्नामेंट में उनका रेकार्ड शानदार है और वे सही समय पर लय हासिल कर रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण टीम की तरह प्रदर्शन किया और हमारे खिलाफ काफी सही साबित हुए। बोल्ट ने कहा कि विश्व कप में कुछ टीमें शानदार हैं लेकिन यह सही समय पर लय हासिल करने के बारे में है।

# गिल को हराकर मास्कारेनहास ने जीती साउथ इंडिया रैली

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 जून।

टीम चैंपियंस के डीन मास्कारेनहास ने गौरव गिल की चुनौती को पार करते हुए चैंपियंस याच क्लब-एफएमएससीआइ इंडियन नेशनल रैली चैंपियनशिप का पहला राउंड जीत लिया। इसे साउथ इंडिया रैली नाम दिया गया था। छह बार के आइएनआरसी चैंपियन ने अपने साथी चालक मुसा शरीफ के साथ नए कार में सवार होकर मास्कारेनहास को कड़ी लेकिन काफी देरी से चुनौती दी। मास्कारेनहास ने दूसरे दिन ही इतनी बढ़त हासिल कर ली थी। वह आसानी से गिल की चुनौती को झेल गए।

मास्कारेनहास ने 10 सेकंड के ओवरऑल लीड के साथ तीसरे और अंतिम चरण में प्रवेश किया था। उनके पास गिल की तुलना में 1.41 मिनट की अच्छी-खासी बढ़त थी। गिल ने मास्कारेनहास और उनके साथी चालक श्रुपथा पाडीवाल को भरसक चुनौती देने की कोशिश की लेकिन उनके लिए काफी देर हो चुकी थी।

टीम महेंद्रा के गिल ने मुसा के साथ दिन के पहले स्टेज में दूसरा स्थान हासिल किया था लेकिन इसके बाद वह शेष चार स्टेज में विजेता बनकर उभरे। अंतिम चरण से एक चरण पहले गिल हवा की तेजी से जा रहे थे लेकिन तभी गायों का झुंड उनके रास्ते में आ गया और इसके कारण उनके सात से 10 सेकंड खराब हुए।



इसके लिए स्टीवार्डस ने गिल को 10 सेकंड देकर इस नुकसान की भरपाई की और इसी कारण वह ओवरऑल कटेगरी में तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रहे। इस समय के साथ गिल आइएनआरसी कटेगरी में भी जीत हासिल कर सकते थे लेकिन इतने अंकों के साथ मास्कारेनहास या फिर दूसरे स्थान पर रहे फेबिद अहमर को पीछे कर पाना मुश्किल था।

# ख्वाजा-स्टार्क ने आस्ट्रेलिया को दिलाई जीत

लंदन, 30 जून (एएफपी)।

वामहस्त बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (88) और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (26 रन पर पांच विकेट) के शानदार खेल की बदौलत आस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड को 86 रन से हराया। इस मैच से पहले ही सेमी फाइनल में जगह पक्की कर चुकी आरोन फिंच की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 243 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड की पारी को 43.4 ओवर में 157 रन पर समेट दिया।

ट्रेंट बोल्ट की हैट्रिक सहित चार विकेट तथा अन्य गेंदबाजों के उपयोगी योगदान से न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया को 243 रन ही बनाने दिए। बोल्ट (51 रन देकर चार विकेट) ने पारी के आखिरी ओवर में हैट्रिक बनाई। वह विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज बन गए हैं। इस विश्व कप में यह दूसरी हैट्रिक है। उनसे पहले भारत के मोहम्मद शमी ने हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा जेम्स नीशाम (28 रन देकर दो विकेट) और लॉकी फर्गुसन (49 रन देकर दो विकेट) ने अच्छी गेंदबाजी की।

आस्ट्रेलिया के चोटी के पांच विकेट 92 रन पर निकल गए थे। इसके बाद ख्वाजा (129 गेंदों पर 88 रन) और मैन ऑफ द मैच कैरी (72 गेंदों पर 71 रन) ने छठे विकेट के लिए 107 रन जोड़े जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाई। जीत के लिए 244 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों को जेसन बेहरनडोर्फ (31 रन देकर दो विकेट) ने चलता किया। इसके बाद मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज स्टार्क ने न्यूजीलैंड के मध्यक्रम और निचले क्रम को झकझोर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने 40 रन की पारी खेली लेकिन वह पिछली बार की तरह इस बार टीम की नैया पार नहीं लगा सके।

# अब नहीं होगी कोई अप्रिय घटना : रिचर्डसन

बर्मिंघम, 30 जून (भाषा)।

आइसीसी के मुख्य कार्यकारी डेविड रिचर्डसन ने कहा कि वैश्विक संस्था अधिकारियों से मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि मैच के दौरान या बाद में कोई अप्रिय घटना देखने को नहीं मिले। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच के दौरान लीड्स में प्रशंसकों के बीच आपस में हुई भिड़ंत हो गई थी। दोनों देशों के प्रशंसक स्टेडियम के बाहर आपस में भिड़ गए जिसके बाद यार्कशर पुलिस ने हस्तक्षेप कर दो लोगों को स्टेडियम से बाहर कर दिया।

झगड़े की शुरुआत मैदान के ऊपर दो विमानों के उड़ने और उनके द्वारा बलूचिस्तान के समर्थन में बैनर लहराने के बाद हुई।रिचर्डसन ने कहा कि आइसीसी सुरक्षा कड़ी करने की प्रक्रिया में है और सुनिश्चित कर रही है कि मैदान पर इस तरह के राजनीतिक संदेश नहीं लहराए जाएं। उन्होंने कहा कि हम सुरक्षा बढ़ाने के लिए विभिन्न सुरक्षा दलों के साथ काम कर रहे हैं।

# नायब ने आखिर में गेंदबाजी के फैसले का बचाव किया

लीड्स, 30 जून (एएफपी)।

अफगानिस्तान के कप्तान गुलबदीन नायब ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 45वें ओवर में खुद गेंदबाजी करने के फैसले का बचाव किया है। इस ओवर में उन्होंने 18 रन दिए और यहां से मैच का रुख बदल गया। नायब ने कहा कि हमें ऐसा लगा कि वे हर गेंदबाज को निशाना नहीं बना रहे हैं।

# आज से शुरू होगा विंबलडन का रोमांच

## जोकोविच, फेडरर व नडाल की निगाहें खिताब पर

लंदन, 30 जून (एएफपी)।

नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और राफेल नडाल की कोशिश सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन में खिताब जीतकर एक और ट्रॉफी अपने नाम करने की होगी। वहीं प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी खेल के इन सितारों को ऐसा करने से रोकने के लिए प्रयासरत रहेंगे। महिलाओं के वर्ग में एश्ले बार्टी विंबलडन में आस्ट्रेलियाई सूखे को खत्म करना चाहेंगी। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच इसमें गत चैंपियन हैं और ऑल इंग्लैंड क्लब में पांचवां खिताब हासिल करने के प्रयत्न में जुटे हैं।



दूसरे वरीय फेडरर यहां पर नौंवा खिताब जीत सकते हैं। दो बार के चैंपियन नडाल लगातार रोलां गैरां और विंबलडन खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने पर निगाह लगाए हुए हैं। बारह महीने पहले जोकोविच विंबलडन में खेलने पहुंचे थे, जब उनका करिअर ग्राफ नीचे की ओर गिर रहा था। उनकी कोहनी की सर्जरी हुई थी और तब उनकी रैंकिंग 21 थी जो एक दशक में उनकी सबसे निचली रैंकिंग थी। एक हफ्ते बाद जोकोविच ने 2018 का खिताब अपने नाम किया। इस तरह यह 2011, 2014 और 2015 में जीत के बाद उनकी चौथी ट्रॉफी थी। जोकोविच सोमवार को पहले दौर में फिलिप कोलश्रेबर से भिड़ेंगे।

वहीं 21वां ग्रैंडस्लैम हासिल करने की कोशिश में जुटे फेडरर ने पहला विंबलडन 1999 में खेला था। अगर वह नौंवा खिताब जीत लेते हैं तो वह 38 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। स्विस स्टार एक ही ग्रैंडस्लैम में 100 जीत दर्ज करने वाला पहला खिलाड़ी बनने से भी केवल पांच जीत दूर हैं। फेडरर का सामना मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस से होगा।

नडाल 12वां रोलां गैरां खिताब जीतकर लंदन पहुंचे हैं और 18वें करिअर मेजर का मतलब है कि वह फेडरर से केवल दो ग्रैंडस्लैम दूर पहुंच जाएंगे।

RAMNATH GOENKA EXCELLENCE IN JOURNALISM AWARDS
RAMNATH GOENKA MEMORIAL FOUNDATION
INDIAN EXPRESS GROUP
INDIA'S MOST PRESTIGIOUS
AND COVETED JOURNALISM AWARDS
CALL FOR ENTRIES
Acknowledging accuracy, courage, credibility & fairness
2018
Award Categories
Print/Digital & Broadcast
- Reporting from Conflict States
- Hindi
- Regional Languages
- Environment, Science and Technology Reporting
- Uncovering India Invisible
- Business and Economic Journalism
- Reporting on Politics and Government
- Sports Journalism
- Investigative Reporting
Print/Digital
- Reporting on Arts, Culture and Entertainment
- Foreign Correspondent Covering India
- Editorial Commentary and Cartoons
- Books (Non-Fiction)
- Prakash Kardaley Memorial Award for Civic Journalism
- Photo Journalism
- Best Student-Run Newspaper, Magazine and Digital News Portal
Apply Online: rngfoundation.com/awards
LAST DATE FOR ENTRIES | JULY 15, 2019 | Entries are invited for the year 2018 only.
Ramnath Goenka Memorial Foundation, Express Building, B-1/B, Sector-10, Noida-201 301, Uttar Pradesh, India; rngf@expressindia.com

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 225, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।